51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 19.0°c | अधिकतम 38.9 °c

**आज की अमृतवाणी**
गुस्सा एक ऐसा हथियार है,
जो आपको होते हुए भी आप
पर ही वार करता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:50, सूर्यास्त : 6:47 | वर्ष : 51/ अंक : 106 | मंगलवार, 18 अप्रैल 2023 | बैसाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4


**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
केजरीवाल ने भ्रष्ट तरीकों से
अर्जित धन का कई राज्यों में
कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल
किया है : अजय माकन



अब वे उस धन का इस्तेमाल
कांग्रेस की हिमायत में करेंगे.......

# टिकट वितरण को लेकर भाजपा में हंगामा

**▸ प्रदेश अध्यक्ष के बुलावे पर भी नहीं पहुंचे नाराज टिकटार्थी ▸ पार्टी के मंत्रियों व नेताओं के साथ जमकर बहस व धक्का मुक्की ▸ मान मनौव्वल के लिए भाजपा नेताओं की टीम को जिम्मा**

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** टिकट वितरण को लेकर भाजपा में मचे घमासान के बीच आज चेयरमैन पद के तमाम बागी टिकटार्थी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के बुलावे के बावजूद पार्टी कार्यालय पर बैठक में नहीं पहुंचे, वहीं सभासदी का टिकट ना मिलने से नाराज कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी में ही जमकर हंगामा किया। इसके चलते धक्का मुक्की के हालात पैदा हो गए। प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने हंगामा करने वालों को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता तक कह डाला। पार्टी के कई नेता आज सार्वजनिक मंचों पर विरोध में मुखर रहे और एक पूर्व सभासद ने तो पार्टी को भारतीय समाजवादी पार्टी तक कह डाला।

भारतीय जनता पार्टी में टिकट वितरण को लेकर फटी चादर की तुरपाई करने आए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को आज पार्टी की स्थिति का अंदाजा हो गया। पार्टी में जहां ढाई दर्जन से अधिक चेयरमैन पद के दावेदार थे, वहीं वार्डों में भी दावेदारों की भरमार थी। प्रदेश अध्यक्ष ने आज उन सभी नेताओं को बुलाया था, जिन्होंने टिकट के लिए आवेदन किया था। इनमें अंशुपुरी व कुश पुरी पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। बाकी टिकटार्थी प्रदेशाध्यक्ष के बुलावे के बावजूद नहीं पहुंचे। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया ने पार्टी के





बड़े नेताओं की मौजूदगी में जहां बागियों को पुचकारा, वहीं उन्हें अनुशासन की कार्रवाई की चेतावनी देते हुए सुधर जाने की नसीहत भी दी। इसके बावजूद लगा कि पार्टी में टिकट को लेकर उठी नाराजगी को दूर करने में संगठन और इसके नेताओं को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। पार्टी में जातीय आधार पर तालमेल बनाने की चुनौती इन नेताओं के सामने टिकट बांटते हुए रही थी और अभी भी यही चुनौती उनके सामने खड़ी है। पार्टी नेताओं के अलावा जातीय आधार पर टिकट की दावेदारी कर रहे पंजाबी और ब्राह्मण समाज में भी आक्रोश बरकरार है। खासतौर से पंजाबी समाज कई बार से टिकट मांगता रहा है और उसका आरोप है कि उसकी अनदेखी की जाती रही है। कुश पुरी को पुराने आश्वासन के बावजूद टिकट नहीं दिया गया। ब्राह्मण समाज के नेता इस बात पर अड़े हैं कि दूसरी पार्टी ने समाज के नेता को टिकट दिया है, लेकिन भाजपा में उनकी नहीं सुनी गई। पंजाबी और ब्राह्मण समाज से बड़ी संख्या में टिकट के दावेदार थे। अब इन सबके अरमान टिकट कटने के बाद ठंडे हो गए हैं। ऐसे में आज इन तमाम नेताओं ने पार्टी की मान मनौव्वल बैठक का बायकाट कर अपने इरादे जाहिर कर दिए। पार्टी नेताओं ने हालांकि उन्हें अनुशासन की कार्रवाई की चेतावनी दी है, लेकिन समझा जाता है कि यह डराने भर के लिए है। इन नेताओं को मनाने के लिए पार्टी की कोर कमैटी के नेता और प्रत्याशी गौरव स्वरूप को जिम्मा सौंपा गया है। चेयरमैन पद के लेकर भले ही यह सब कुछ हुआ हो, लेकिन सभासद पद के दावेदारों ने तो बखेड़ा खड़ा कर दिया। एक बार तो धक्कामुक्की जैसे हालात पैदा हो गए।

नई मंडी की एक महिला नेता तथा रामपुरी के विश्वकर्मा समाज के नेता अपने समर्थकों को लेकर वहां पहुंचे तथा उन्होंने हंगामा कर दिया। उन्हें समझाने का प्रयास केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान, प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल तथा जिलाध्यक्ष समेत कई नेताओं ने किया, लेकिन काफी देर तक हंगामा चलता रहा। हो हल्ले के बीच धक्कामुक्की जैसे हालात पैदा हो गए। इस बीच प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल यह कहते सुने गए कि हंगामा करने वाले समाजवादी पार्टी के आदमी हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने भी हंगामा करने वालों की कोई बात सुनने से इंकार कर दिया। आज हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक बुढ़ाना उमेश मलिक, पूर्व विधायक खतौली विक्रम सैनी, नगर पालिका प्रत्याशी मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा, पूर्व विधायक अशोक कंसल, चरथावल से भाजपा नेत्री सपना कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल पंवार, वरिष्ठ भाजपा नेता देवदत्त त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेंद्र सैनी, भाजपा नेत्री मिथलेश पाल, सुभाष यदुवंशी प्रदेश महामंत्री भाजपा, अशोक बाठला, राहुल गोयल, सुषमा पुंडीर, श्रीमोहन तायल, राजीव गर्ग के अलावा टिकटार्थियों में पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, दीपा गोयल पत्नी राहुल गोयल, रेणु गर्ग व बबिता गुप्ता आदि शामिल रहे।

## रालोद ने मुजफ्फरनगर में उतारे सभासद पद के 25 उम्मीदवार

**सपा पर टिकट वितरण में उपेक्षा का आरोप, गठबंधन टूटने के बने आसार**

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी, रालोद और आजाद समाज पार्टी का गठबंधन भी बगावत झेल रहा है। तालेमल के अभाव में पार्टी के कई बागी उम्मीदवार मैदान में आ गए हैं। रालोद ने सपा पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए 25 लोगों को अपना सिंबल देकर मैदान में उतार दिया है।

राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष संदीप मलिक ने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते गठबंधन खटाई में पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी द्वारा बिना सहयोगी दलों से तालमेल बनाए अपने प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं, इसको लेकर रालोद और आजाद समाज पार्टी में रोष बना हुआ है। मलिक ने बताया कि मुजफ्फरनगर नगर पालिका का वार्ड संख्या 3 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है, जहां से आजाद समाज पार्टी अपने पदाधिकारी को चुनाव लड़ाना चाहती थी लेकिन समाजवादी पार्टी द्वारा इस वार्ड से अपना प्रत्याशी उतार दिया गया है।

राष्ट्रीय लोक दल भी वार्ड 22 से अपने सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के.पी.सिंह को चुनाव लड़ाना चाहता था, समाजवादी पार्टी ने यहां भी अपना उम्मीदवार दिया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिसके बाद आज रालोद ने मुजफ्फरनगर नगर पालिका के लिए अपने 25 प्रत्याशियों को पार्टी सिम्बल जारी कर दिए हैं। आपको बता दे कि इन वार्डों में समाजवादी पार्टी पहले ही अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है जिसके बाद गठबंधन के कार्यकताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। संदीप मलिक ने बताया कि पार्टी आलाकमान को सारी परिस्थिति से अवगत करा दिया गया है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी जो निर्देश देंगे उसके अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन रहेगा, तो जो सवार्नुमति बनेगी उन सीटों पर गठबंधन दल के साथ ही चुनाव लड़ेंगे और नामांकन वापसी के दिन तक बाकी अपने नामांकन वापस ले लेंगे लेकिन यदि सवार्नुमति नहीं बनी तो रालोद मजबूती से निकाय चुनाव लड़ेगा।

## पति से हुए विवाद में पत्नि गंग नहर में कूदी

**पुरकाजी, 17 अप्रैल (बु.)।** पति के साथ हुए विवाद में महिला गंगनहर में कूद गयी। काफी तलाश के बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं लग पाया है। थाना क्षेत्र के गांव बुच्चा बस्ती निवासी रश्मि पुत्री तेजपाल की शादी करीब दो वर्ष पूर्व अतुल कुमार निवासी बरला, थाना छपार के साथ हुई थी। रश्मि का करीब 5 माह का बच्चा है, जिसकी तबियत खराब होने पर दोनों पुरकाजी डॉक्टर के पास लेकर आये थे। पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद अतुल, रश्मि को पुरकाजी छोड़कर अपनी ड्यूटी पर चला गया। रश्मि ई-रिक्शा में बैठकर धमात गंगनहर पर पहुंची और बच्चे को वहां मौजूद एक महिला को देकर गंगनहर में छलांग लगा दी, आस-पास के लोगों ने रश्मि को बचाने का प्रयास किया, मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची गंगनहर के बाहर पड़े महिला के सामान से मिले मोबाइल नम्बर पर उसके परिजनों को मामले की जानकारी दी, जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे पुलिस ने बच्चे को उसके पिता को सौंप दिया।

# मीनाक्षी स्वरुप, लवली शर्मा, रोशन जहां व बिलकिस चौधरी समेत ग्यारह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**▸ अधिकांश मुख्य प्रत्याशियों ने नामांकन के अंतिम दिन दाखिल किये पर्चे**
**▸ कचहरी में देर शाम तक नामांकन को लेकर चली प्रक्रिया, लगी कतार**
**▸ पुरकाजी से 18 व चरथावल से 13 ने अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन**

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** यूपी समेत जनपद में नगर निकाय चुनाव के आगामी 4 मई में प्रथम चरण के मतदान को लेकर बीते 11 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को नगर मुख्यालय से तहसील स्तर पर मारामारी रही। जनपद में 2 नगरपालिका परिषद व 8 नगर पंचायतों में पूरे दिन गहमा गहमी रही, वहीं देर सायं तक नामांकन प्रक्रिया में अधिकारी-कर्मचारी लगे रहे। मुजफ्फरनगर की नगर पालिका परिषद से सोमवार को अंतिम दिन अध्यक्ष पद के सभी दलों के प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए। अभियान की इस कड़ी में जहां एक ओर भाजपा प्रत्याशी मीनाक्षी स्वरूप ने मंत्रियों के साथ कलेक्ट्रेट में पहुंच नामांकन पत्र दाखिल किया, वहीं सपा-रालोद गठबंधन की प्रत्याशी लवली शर्मा, बसपा प्रत्याशी रोशन जहां और कांग्रेस से बिलकिस चौधरी एडवोकेट ने अपने प्रस्तावों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ में नामांकन पत्र दाखिल किए।

सोमवार को भाजपा नेता गौरव स्वरूप की पत्नी भाजपा प्रत्याशी मीनाक्षी स्वरूप गांधीनगर स्थित पार्टी कार्यालय से जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व चेयरमैन सत्यपाल पाल, शंकर स्वरूप बंसल, सौरभ स्वरूप व विकास स्वरूप समेत कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन कराया। वहीं दूसरी ओर सपा नेता राकेश शर्मा की पत्नी लवली शर्मा ने सपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, वसी अंसारी एड, महेश बंसल समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में रिटर्निंग ऑफिसर विकास कश्यप के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। बसपा प्रत्याशी रोशन जहां ने अपने पति इंतजार त्यागी, जिलाध्यक्ष सतीश कुमार, हाजी जियाउरहमान, प्रेमचंद गौतम, सत्य प्रकाश आदि के साथ इस बीच नामांकन किया। दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी बिलकिस चौधरी ने जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, गीता काकरान व अन्य नेताओं के साथ नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने को लेकर देर शाम तक प्रक्रिया चलती रही। इसके अलावा नगर क्षेत्र में अब तक गीता निर्दलीय, छोटी एआईएम आईएम, बबीता शर्मा, रेशमा, समा,

**शेष : खबर पृष्ठ-4 पर**





भाजपा प्रत्याशी मीनाक्षी स्वरूप के साथ गौरव स्वरूप, डॉ. संजीव बालियान, कपिल देव व अन्य तथा राकेश शर्मा व जिया चौधरी के साथ नामांकन करती लवली शर्मा।

## गंगनहर में कूदकर की आत्महत्या



**भोपा, 17 अप्रैल (बु.)।** निरगाजनी गंग नहर पुल से एक महिला ने मानसिक तनाव के चलते नहर में कूद गई। राहगीरों के शोर मचाने पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से महिला को गंगनहर से बाहर निकाला और सीएचसी ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। स्वजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के महिला के शव को ले गए। प्रभारी निरीक्षक सुशील सैनी ने बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव कूकड़ा निवासी जुल्फिकार की 41 वर्षीय पत्नी दिलशाना मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। बीते दो सप्ताह से वह अपने मायका छपार थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा में पिता इद्रीश के पास रह रही थी। सोमवार की सुबह वह अपनी मां हनीफा को यह कहकर घर से निकली कि वह युसूफ भाई के घर जा रही है, लेकिन वह निरगाजनी गंग नहर झाल पर पहुंच गई और गंगनहर में कूद गई, जिसे देख राहगीरों ने शोर मचा दिया। चैक पोस्ट पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मुश्किल से महिला को बाहर निकाला और सीएचसी ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उधर, महिला को तलाश करते हुए स्वजन भी मौके पर आ गए और बिना कानूनी कार्रवाई के महिला के शव को ले गए। महिला के तीन बच्चे है जिनमें एक 18 वर्षीय बेटी शिबा, 16 वर्षीय बेटा कामिल व 15 वर्षीय बेटा भूरा है।

## सपा के बागी मैदान में, कई नेताओं ने पार्टी छोड़ी,

**▸ दीपक गंभीर व शाहिद राजा ने लगाए गंभीर आरोप**

मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)। समाजवादी पार्टी में निकाय चुनाव को लेकर उठा विवाद थमा नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रागिब कुरैशी ने वार्ड 27 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन कर दिया। सपा नेता दीपक गंभीर व पूर्व सभासद शाहिद राजा ने समाजवादी पार्टी से टिकट ना मिलने पर इस्तीफा दे दिया। वाल्मीकि समाज के नेता दीपक गम्भीर ने सपा से इस्तीफे का ऐलान करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में हमने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित वार्ड 5, कूकडा व वार्ड 3 खालापार से एवं भोकरहेड़ी नगर पंचायत अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित सीट से वाल्मीकि समाज के लिए टिकट के लिए सिफारिश की थी । जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने पार्टी के कार्यकर्ता की अनदेखी कर अपने रिश्तेदार हसीबुर वाल्मीकि की पत्नी को वार्ड 3 से टिकट दिया। इसका हम विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने भी विधान सभा चुनाव में एक भी टिकट वाल्मीकि समाज को नहीं दिया था। इससे वाल्मीकि समाज में रोष है। मुलायम सिंह यादव की विचारधारा से जुड़े है। जब नेता जी ही नहीं रहे तो लगता उनकी विचारधारा भी पार्टी मे खत्म हो गयी। समाजवादी पार्टी के नेताओं को वाल्मीकि समाज की अनदेखी महंगी पड़ेगी। पार्टी नेता केवल मुस्लिम वोटों पर चुनाव जीतना चाहते हैं। इसलिए वाल्मीकि समाज को उनके लोकसभा क्षेत्र में एक भी टिकट नहीं दिया। हर बार वाल्मीकि समाज की अनदेखी से मन कुंठित है, इसलिए हम समाजवादी पार्टी छोड़ रहे हैं। रागिब कुरैशी ने कहा कि तमाम लोगों ने एकमत से उनके नाम की सिफारिश की थी, लेकिन उनका सिंबल जिलाध्यक्ष ने सीज कर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता संगठन को दफनाने का काम कर रहे हैं।



भाकियू की मासिक पंचायत को सम्बोधित करते अध्यक्ष नरेश टिकैत।

## मनीष सिसोदिया को राहत नहीं, शराब घोटाला मामले में एक मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल (एजेंसी)। दिल्ली की नई शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया को एक बार फिर कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सोमवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी के मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत एक मई तक बढ़ा दी। कोर्ट ने सीबीआई मामले में भी मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत एक मई तक बढ़ा**

## उत्तर प्रदेश के टॉप माफिया की सूची में सुशील मूंछ, संजीव जीवा व विनय त्यागी टिंकू के नाम

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** अतीक व मुख्तार गिरोह पर कार्रवाई के साथ समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की मांग पर प्रदेश की योगी सरकार ने 25 माफियाओं की नई सूची जारी कर दी है। इसमें मुजफ्फरनगर निवासी सुशील मूंछ, संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा को शामिल किया गया हैं जबकि प्रदेश के 64 सूचीबद्ध माफियाओं की सूची में पुरकाजी क्षेत्र के रहने वाले पूर्व प्रमुख विनय त्यागी उर्फ टिंकू का नाम शामिल किया है। जिला पुलिस ने तीनों शातिरों की कुंडली खंगालते हुए उनके गुर्गो पर भी नजर तिरछी की है। प्रदेश में माफिया के खिलाफ चल रहे अभियान में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ और उनके गिरोह पर प्रदेश सरकार ने सख्ती की हैं। अब सरकार ने प्रदेश में रहने वाले अनेकों माफियाओं पर भी शिकंजा कसना शुरू किया हैं। प्रदेश सरकार ने हाल ही में 25 व 64 माफियाओं की सूची जारी की है। इसमें पश्चिम उप्र के कई माफियाओं को शामिल किया हैं। जिला मुजफ्फरनगर में रहने वाले सुशील मूंछ, संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा तथा पुरकाजी क्षेत्र के रहने वाले विनय त्यागी उर्फ टिंकू की घेराबंदी की है। सुशील मूंछ व जीवा को 25 माफियाओं की सूची में शामिल किया हैं तो पूर्व प्रमुख विनय को 64 वाली सूची में शामिल किया गया है। पुलिस ने सरकार द्वारा जारी सूची के मद्देनजर सभी शातिरों और उनके सक्रिय गुर्गो की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने बताया कि माफियाओं की जारी नई सूची में शामिल सभी शातिरों पर पुलिस ने निगाह लगाई हैं। चुनाव में भी इन शातिरों की भूमिका को देखा जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर सख्ती से लगाम लगाई जाएगी।

## ज्ञानवापी से जुड़े सात मामलों की अब एक साथ होगी सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी-मां श्रृंगार गौरी से जुड़े सभी सात मामलों की सुनवाई अब एक साथ होगी। संबंधित प्रार्थना पत्र पर सोमवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने आदेश सुनाया। मां श्रृंगार गौरी प्रकरण की चार वादिनी लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से कोर्ट में आवेदन दिया गया और कहा गया था कि किरन सिंह विसेन व अन्य की ओर से ज्ञानवापी-मां श्रृंगार गौरी के संबंध में दाखिल मुकदमों को जिला जज की कोर्ट में स्थानांतरित कर एक साथ सुना जाए।

**रमज़ान-2023**

छब्बीसवां रोजा-18-04-2023

| सुन्नी | इफ़तार | शिया |
|---|---|---|
| 6:49 | | 7:00 |

सत्ताइसवां रोजा-19-04-2023

| सुन्नी | सहरी | शिया |
|---|---|---|
| 4:21 | | 4:19 |

# अतीक के समर्थन में उतरे चौ. नरेश टिकैत

**▸ बोले: दोबारा भाजपा सरकार बनी तो किसान मजदूर को नहीं छोड़ेंगे**

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने अतीक अहमद और अशरफ अहमद हत्याकांड को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि चार दिन में परिवार तहस-नहस कर दिया गया। इन्हें न्याय व्यवस्था पर विश्वास नहीं है। सजा देने का काम न्यायालय का है। उन्होंने कहा कि कोर्ट का सम्मान नहीं किया जा रहा है। हत्या के आरोपियों ने राम को बदनाम करने के लिए जय श्रीराम के नारे लगाए। राम पूजनीय हैं। तानाशाही सरकार पैसे की ताकत से सबको हांक रही है। सोमवार को पट्टी सूंडियान स्थित भाकियू अध्यक्ष के घेर में संगठन की मासिक पंचायत के आयोजन में टिकैत ने कहा कि किसानों को संयम की जरूरत है। संगठन मजबूत होगा तो किसान मजबूत होंगे।

परीक्षा की घड़ी है। उन्होंने कहा कि किसानों का अज्ञातवास चल रहा है। केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा 2024 में दोबारा सरकार बनाने में कामयाब हो गए तो किसान-मजदूरों को नहीं छोड़ेंगे। पुलिस प्रशासन बेलगाम है। सरकार किसानों के साथ किसी मुद्दे पर कोई बातचीत करना नहीं चाहती। भाकियू अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा



कार्यकर्ताओं की भी सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों को मीटर लगाने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। भाजपा तोड़ने का काम कर रही है। किसानों को पार्टी, जाति, बिरादरी से हटकर काम करना होगा। अधिकारी सामाजिक फैसलों को नहीं मान रहे हैं। भाकियू अध्यक्ष ने सरकार की फ्री अनाज योजना का जिक्र करते हुए कहा यह आम आदमी के साथ भद्दा मजाक है।

युवाओं को रोजगार की आवश्यकता है, फ्री अनाज की नहीं। पंचायत की अध्यक्षता निजानंद और संचालन ओमपाल मलिक ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, विकास शर्मा मोनू प्रधान, गुलबहार, ओमपाल बंजी, ओमपाल सिंह बालियान, बाबूराम तोमर, मान सिंह मलिक, जितेंद्र चौधरी, सरदार अमीर सिंह, प्रमोद गूलिया, प्रमोद सिरोही, प्रदीप शर्मा, सन्नी पंवार, गुलबहार राव, बिट्टू, राजा गुर्जर, शशि गुर्जर और कविता मलिक मौजूद रहीं। भाकियू अध्यक्ष चौधरी ने पंचायत में यह कहा कि सर्वसमाज चुनाव में भाईचारा कायम रखें। सभी लोग परिवार है, सभी इच्छा अनुसार वोट करने के लिए स्वतंत्र हैं। भाकियू नेता गौरव टिकैत ने कहा कि सरकार भाकियू कार्यकर्ताओं पर दबाव डालकर भाजपा में शामिल करवाना चाहती है। सरकार की नीतियों के कारण किसान मजदूर वर्ग खत्म होने के कगार पर है। पुलिस प्रशासन बेलगाम हो गए हैं।

## मदनी बोले : उत्तर प्रदेश में नहीं कानून का राज



सहारनपुर, 17 अप्रैल(एजेंसी)। जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की पुलिस कस्टडी में की गई हत्या पर प्रदेश की योगी सरकार को घेरा है। सोमवार को मौलाना महमूद मदनी ने जारी बयान में कहा कि प्रयागराज में जो हुआ वह शर्मनाक है और कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाने वाला है। देश में अगर कानून का राज नहीं होगा तो हर तरफ अराजकता फैल जाएगी और खून-खराबे का राज कायम हो जाएगा। मौलाना मदनी ने कहा कि अगर कोई मुजरिम है तो उसके गुनाह और सजा का फैसला अदालत करती है। कानून हाथ में लेना चाहे पुलिस द्वारा हो या जनता द्वारा लोकतंत्र और संविधान का अपमान और आपराधिक कृत्य है।

## डर लग रहा है कोई हमें न गोली मार दे: इमरान मसूद



सहारनपुर, 17 अप्रैल (बु.)। बसपा के पश्चिम उत्तर प्रदेश संयोजक एवं पूर्व विधायक इमरान मसूद ने प्रयागराज की घटना को लेकर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। कलेक्ट्रेट में शाजान मसूद की पत्नी के नामांकन के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व विधायक इमरान मसूद ने कहा कि हम अपराधियों का समर्थन नहीं करते। प्रयागराज में दो लोगों की हत्या हुई है, जिनमें से एक पूर्व सांसद और एक पूर्व विधायक था। दोनों ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर अपनी हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए सुरक्षा की गुहार की थी। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को सुरक्षा उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश दिए थे। इसके बावजूद दोनों की हत्या हो गई। दोनों की जिस तरह हत्या की गई है, उससे पता चलता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। जैसे हत्या हुई है, अब तो हमें भी डर लगने लगा है कि सवाल पूछते हुए हमें न कोई गोली मार दे। अब तो सवाल पूछने वालों से हमें भी उनकी पहचान पहले करनी पड़ेगी।

## हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद व 50-50 हजार रुपये जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** एडीजे-7 शक्ति सिंह की अदालत ने शराब के पैसे न देने पर गोली मारकर की गई युवक की हत्या के मामले में सुनवाई की, जिसमें दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनों हत्यारों पर कोर्ट ने 50-50 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता परविंदर सिंह ने बताया कि 2014 में फुगाना थाना क्षेत्र के लांक में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के भाई हरवीर पुत्र दलेल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उसका भाई जयवीर उर्फ पप्पन जिसकी उम्र 35 वर्ष गांव में ही वेल्डिंग की दुकान करता था। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी 2014 को जयवीर अपनी दुकान पर मौजूद था और उसकी पत्नी निर्मला उसके लिए खाना लेकर दुकान पर पहुंची थी। आरोप है कि तभी प्रताप पुत्र हरपाल, गौरव व सौरव पुत्रगण साहब सिंह और नवाब पुत्र हरपाल दुकान पर पहुंचे और उन्होंने जयवीर से शराब के लिए रुपयों की मांग की। आरोप है कि मना करने पर गौरव पुत्र साहब सिंह ने उसके सिर में पत्थर दे मारा, जिससे वह घायल हो गया। उन्होंने बताया कि थोड़ी देर के बाद चारों आरोपी फिर जयवीर सिंह के पास पहुंचे और सौरभ ने उसे गोली मार दी। गंभीर घायल अवस्था में जयवीर को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 7 शक्ति सिंह ने की। 13 अप्रैल को कोर्ट में दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद आरोपी प्रताप पुत्र हरपाल और सौरभ पुत्र साहब सिंह को हत्या के मामले में दोषी ठहराया। सजा के प्रश्न पर कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों हत्यारों को उम्र कैद की सजा सुनाई।

## 4 वर्षीय बच्ची का अपहरण कर बलात्कार के मामले में चार्जशीट दाखिल

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** गत् 7 अप्रैल 2023 को थाना व कस्बा चरथावल की एक बस्ती में 4 वर्षीय बच्ची का अपनी दादी के घर जाते उसका अपहरण कर अपनी दर्जी की दुकान पर ले जाकर बलात्कार के मामले में अरोपी उवेश के विरुद्ध चरथावल पुलिस ने धारा 363, 376 आईपीसी व पोक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल करा दी है। गौरतलब है कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजकर पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया था और उसके महिला मजिस्ट्रेट के सामने धारा 164 के बयान दर्ज कराये थे। बयानों में पीड़िता ने अपने 161 के बयानों का समर्थन किया था। गौरतलब है कि आरोपी गत् 2021 में भी एक सात वर्षीय बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में जेल जा चुका है।

## पूर्वी दिल्ली में 40% के करीब पहुंची संक्रमण दर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना की जांच बढ़ने के साथ मामले भी बढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा तेजी पूर्वी दिल्ली में देखी जा रही है। यहां कोरोना संक्रमण दर 40 फीसदी के करीब पहुंच गई है। जबकि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में सबसे कम संक्रमण दर 17 फीसदी के करीब है। डॉक्टरों की माने तो कोरोना का नया स्वरूप एक्सबीबी 1.16.1 लोगों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। हालांकि गंभीर नहीं कर रहा, लेकिन जो लोग पहले से ह्दय, कैंसर, दमा, टीवी सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं, उन्हें संक्रमित करने के साथ गंभीर बना रहा है। यही कारण है कि अप्रैल माह में कोरोना से काफी मरीजों ने दम तोड़ दिया है। स्वास्थ्य विभाग के कोरोना एप के अनुसार, दिल्ली के अस्पतालों में अभी 325 मरीज भर्ती हैं। इनमें से 35 मरीज आईसीयू के साथ वेंटिलेटर पर भर्ती हैं। यह सबसे गंभीर मरीज हैं। इनमें से ज्यादातर मरीज कोरोना के साथ अन्य रोग से भी पीड़ित हैं। वहीं अस्पतालों में भर्ती मरीजों में से 310 मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर और 105 मरीज वेंटिलेटर पर भर्ती हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अभी कुछ और दिनों तक कोरोना के मामलों में तेजी रहने की आशंका है। इन दिनों विशेष रूप से सतर्क रहने की जरूरत है। यदि सख्ती के साथ कोविड नियमों का पालन करते हैं तो संक्रमण फैसले का खतरा कम रहेगा। साथ ही अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीज भी सुरक्षित रहेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दिल्ली में कोरोना संक्रमण दर तेजी से बढ़ रही है। पिछले सप्ताह के मुकाबले दिल्ली के जिलों में 7 से 10 फीसदी तक की बढ़त दिख रही है।

# पंजाबी समाज ने बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया






फोटो बुलेटिन — बैसाखी रंगारंग कार्यक्रम में नृत्य और गीत प्रस्तुत करते कलाकार तथा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि पीसीआई सदस्य अंकुर दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल तथा अन्य गणमान्य नागरिक।





## पंजाब से आई भंगडा और गिद्दा पार्टी ने गीत संगीत और नृत्य से बांधा समां, लकी ड्रॉ से लोगों पर बरसे जमकर उपहार



**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** पंजाबी समाज मुजफ्फरनगर ने वैशाखी के उपलक्ष में एक कार्यक्रम एसडी मैनेजमेंट के हॉल में आयोजित किया, जिसका शुभारंभ केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल , राजीव गुंबर विधायक सहारनपुर, अंकुर दुआ संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन, सुखदर्शन सिंह बेदी, प्रवीण खेड़ा, जुगल खत्री, मनोज बाठला, सागर वत्स, विजय वर्मा, अमित पटपटिया, इंद्रजीत सिंह सुनेजा, गुरदीप सिंह, राकेश ढींगरा, यश कपूर आदि लोगों द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया। इसके पश्चात वहां पंजाब से आई हुई भंगड़ा व गिद्दा पार्टी ने अनेकों गिद्दे के और भंगड़े के कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया और साथ ही साथ पंजाबी समाज ने वहां उपस्थित जनता के लिए लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया।इसमें लगभग 31 लकी ड्रा निकाले गए प्रथम लकी ड्रॉ पर डायमंड की रिंग जिसकी कीमत लगभग 28000 थी, चांदी के सिक्के, लेडीस व जेंट्स सूट, घड़िया, साइकिल इत्यादि का वितरण किया गया जहां लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भांगड़ा पार्टी के सामने डांस कर इस त्योहार को अच्छे से मनाया। पंजाबी समाज के लिए वैशाखी व लोहड़ी दो ऐसे त्योहार होते हैं जिसका वह बेसब्री से इंतजार करते हैं और इन त्योहारों को धूमधाम से मनाते हैं। कार्यक्रम में प्रमोद अरोड़ा, विनोद डावर, कुलभूषण बजाज, अनिल सोबती, राजीव कुमार, जगदीप, श्याम मल्होत्रा, राकेश हुड़िया,विनोद जलोत्र, इंदरजीत झाम्ब, चन्नी बेदी, गुड्डू बेदी, बाल बहादुर, अशोक छाबड़ा, प्रेमी छाबड़ा, पवन छाबड़ा, राजेंद्र साहनी, ओम प्रकाश बजाज, राजेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# नृत्यांगना लिप्सा ने पंचभूत प्रस्तुति से किया सभी को अभिभूत, छात्राओं को बताया संगीत संस्कृति का इतिहास



**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** सोमवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा के सभागार में स्पीक मैके, के तत्वाधान में शास्त्रीय ओडिसी नृत्य कार्यशाला प्रस्तुतिकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार, विश्वविख्यात नृत्यागंना लिप्सा सत्पथी, महामण्डलेश्वर संजीव शंकर राष्ट्रीय अध्यक्ष महामृत्युन्जय सेवा मिशन, डॉ. आरएम तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष स्पीक मैके, डॉ. निति मित्तल, डॉ. मृदुला मित्तल, स्पीक मैके के स्वयं सेवक अभिनव त्यागी व सागर, उपेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य जेआईसी लच्छैडा, कुसुमलता प्रधानाचार्या आर्य कन्या इण्टर कॉलेज, डॉ. राजीव कुमार अध्यक्ष बाल कल्याण समिति और विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्रा सृष्टि एवं निवेदी ने स्पीक मैके का परिचय दिया। छात्रा दिव्या ने नृत्यागंना लिप्सा सत्पथी का संक्षिप्त परिचय दिया। नृत्यागंना लिप्सा सत्पथी ने सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों और अतिथियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि उडीसा मेरी और मेरे आराध्य श्री जगन्नाथ पुरी जी की जन्मभूमि है।



आज मैं जो नृत्य प्रस्तुत करने जा रही हूँ उसका नाम पंचभूतम है। अग्नि, जल, वायु, आकाश और पृथ्वी ये पांच तत्व है, मेरी नृत्य की पहली प्रस्तुति भी इन पाँच तत्वों पर आधारित है। पंचभूतम प्रस्तुत करने के बाद विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी हुनर को सीखने के लिए ध्यान प्रथम सोपान है। विद्यार्थियों को पाँच मिनट का ध्यान कराया और बताया कि नृत्य मोहिनी, अट्टम, सतप्रिया, कुचिपुडी, भरतनाट्यम आदि आठ प्रकार के होते हैं उनमें से एक शास्त्रीय नृत्य ओडिसी भी है।

## अतीक-अशरफ को किसने और क्यों मरवाया?

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** अतीक अहमद और अशरफ की हत्या को लेकर सियासी उबाल जारी है। अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं मिल रहीं हैं। कोई हत्या को सही ठहरा रहा है तो कोई कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल ये उठ रहा है कि आखिर दोनों को किसने मरवाया? इस पूरे कांड के पीछे किसका हाथ है? अचानक उन्हें अस्पताल ले जाने की जरूरत क्यों पड़ी? ऐसे ही तमाम सवालों को लेकर चार थ्योरी बन रही है। पुलिस इन्हीं एंगल के इर्द-गिर्द जांच कर रही है। अतीक और अशरफ के पास बड़ी संख्या में उद्योगपतियों, नेताओं, अफसरों के राज थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अतीक सरकारी गवाह बनने के लिए भी तैयार था। अगर ऐसा होता तो कई नेताओं, उद्योगपतियों और अफसरों की पोल खुल सकती थी। ऐसे में संभव है कि राज खुलने के डर से किसी ने अतीक और उसके भाई की हत्या करवा दी हो। ऐसा करके वह पूरा मामला ही खत्म करवाना चाह रहा हो। अतीक और अशरफ की हत्या के बाद एक वीडियो सामने आया है। ये वीडियो दोनों की हत्या से चंद सेकेंड पहले का है। जिसमें वह अस्पताल गाड़ी से पहुंचता है। गाड़ी से उतरते समय अतीक किसी को इशारा करता है। ऐसा लग रहा है कि वह किसी को खुद के पास बुला रहा है। गाड़ी पर ही खड़े होकर करीब दो से तीन सेकेंड तक वह दूसरी तरफ देखता है। इसके बाद गर्दन हिलाता है। ऐसा लग रहा है कि वह किसी को अपनी तरफ आने के लिए बोल रहा है।

# श्रीराम कॉलेज क्रिकेट टीम का नेशनल टूर्नामेंट में चयन



## रेडबुल कैम्पस क्रिकेट टूर्नामेंट में मेरठ जोन से किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** श्रीराम कॉलेज की क्रिकेट टीम ने चंडीगढ़ में आयोजित रेडबुल कैम्पस क्रिकेट टूर्नामेंट में मेरठ जोन से खेलते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर लिये क्वालीफाई किया है।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चंडीगढ में आयोजित रेडबुल कैम्पस क्रिकेट टूर्नामेंट में श्रीराम कॉलेज क्रिकेट टीम ने मेरठ जोन से खेलते हुए अपने पहले मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एसडी कॉलेज, चंडीगढ़ को 60 रनों से हराकर फाइनल मैच में जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर और खालसा कॉलेज, जालंधर के मध्य खेला गया। फाइनल मैच में टॉस जीत कर श्रीराम कॉलेज की क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया तथा टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 184 रनों लक्ष्य दिया। जवाब में रनों का पीछा करने उतरी विपक्षी खालसा कॉलेज जालंधर की टीम 20 ओवर में मात्र 140 रन ही बना सकी। श्रीराम कॉलेज टीम ने 43 रनों से विजय प्राप्त कर मैच तथा टूर्नामेंट जीता। निदेशक डा. अशोक कुमार तथा प्राचार्य डा. प्रेरणा मित्तल ने विजयी टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. विनीत कुमार शर्मा, डॉ. अब्दुल अजीज खान, भूपेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, प्रशांत कुमार, विश्वदीप, तरूण ने टीम को बधाई दी।

## यूपी पुलिस-गुंडों में गठबंधन: मौलाना तौकीर

**बरेली, 17 अप्रैल(एजेंसी)।** बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर ने उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हालात किसी से छिपे नहीं हैं। जो कुछ हो रहा है, जुल्म है। विकास दुबे से लेकर अब तक जो एनकानंटर हुए हैं, उन सबकी जांच होनी चाहिए।

मौलाना तौकीर सोमवार को अपने निवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उनका आरोप है कि पुलिस और गुंडों के बीच गठबंधन बन गया है, जिसकी सरपरस्ती सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि प्रदेश में अमन कायम रहे। पुलिस हमारा साथ नहीं दे रही है। मौलाना तौकीर रजा ने यह भी कहा है कि जब पुलिस और कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे हैं तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस्तीफा दे देना चाहिए। अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के मामले में पूछे गए सवाल पर मौलाना ने कहा कि हम अतीक और अशरफ की नहीं, हम सारे मामले की बात कर रहे हैं। बाकी जो कुछ भी हुआ पुलिस का नजरिया साफ दिखाई दे रहा है, जिसे सब ने देखा। इससे पहले मौलाना तौकीर रजा ने बताया कि प्रेसवार्ता बुलाने के लिए आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी से प्रेसवार्ता के लिए सूचना भिजवाई थी, जिसे लेकर मीडिया प्रभारी के घर पर नोटिस चस्पा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस नहीं चाहती हैं कि हम अपने आवास पर भी प्रेस से बात कर सकें। आवास पर सीओ व कोतवाल सहित तमाम पुलिसकर्मी निगरानी रखे हुए थे।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

| | |
|---|---|
| सोना- 60,100 | चांदी-72,000 |
| सिक्का- 800 | गिन्नी- 45,000 |

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-रसकट ढैया-1100-1125, चाकू 1300-1450, लड्डू 1400-1445, खुरपापाड़ 1250-1270, शक्कर मसाला 1480-1500। आमद-6,000 मन।

## आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023**

**मेष-** सुख के साधन में कमी, कार्यों में अड़चनें, पारिवारिक समस्याओं से मन अशांत, प्रियजनों से विश्वासघात होने की आशंका, व्यर्थ भ्रमण।
**वृषभ-** सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, विचारित योजना में अनुकूलता, जटिल समस्या का संतोषजनक सफलता, दाम्पत्य सुख।
**मिथुन-** आथक स्थिति के सुधार हेतु नवयोजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, धर्म-अध्यात्म की ओर रुझान, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।
**कर्क-** विशिष्टजनों के सम्पर्क से कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, विवाद के समापन से खुशी, आत्मिक शांति।
**सिंह-** कार्यों में अवरोध, विशेष प्रयास व परिश्रम के बावजूद भी प्रगति में संशय, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, सम्बन्धों में कटुता।
**कन्या-** बुद्धि विवेक से कार्य सिद्धि का समय, विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, स्थान परिवर्तन।
**तुला-** कार्य व्यवसाय में विस्तार नवयोजना की शुरुआत संभव, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम, स्वाध्याय की ओर रुचि, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।
**वृश्चिक-** परिस्थितियां सुधार पर, कार्य व्यवसाय में उन्नति का सुअवसर, मांगलिक आयोजन सम्पन्न, विवाद का निर्णय पक्ष में।
**धनु-** दिनचर्या अव्यवस्थित, सोचे हुए कार्य अधूरे, विशेष परिश्रम एवं प्रयास के बावजूद प्रगति में संशय, आपसी सम्बन्धों में कटुता।
**मकर-** सुसमाचार की प्राप्ति से परिवार में हर्ष, आथक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, राजनैतिक क्रियाकलाप अभिरुचि।
**कुम्भ-** स्वास्थ्य सुधार पर, पराक्रम से कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, वाद-विवाद का समापन, परिवार में मांगलिक कृत्य सम्पन्न, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।
**मीन-** अधूरे कार्य की पूत हेतु स्वजनों मित्रों से विचार-विमर्श, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, धामक गतिविधि की ओर रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# अब महीने में चार बार पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान

## मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी का प्रयास, 1680 गर्भवती की हुई जांच

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से अब हर महीने चार बार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया जाएगा। स्वस्थ शिशु के जन्म के लिए मां का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। यह तभी संभव है जब गर्भवती अपने आहार, व्यवहार, देखभाल के साथ गर्भावस्था के दौरान निरंतर योग्य चिकित्सक से जांच कराएगी। गर्भवती की देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया हुआ है। अब तक यह महीने में दो बार नौ तारीख और 24 तारीख को मनाया जाता था, लेकिन अब यह महीने में चार बार मनाया जाएगा। शासन ने इसके लिए महीने की पहली तारीख और 16 तारीख मुकर्रर की है। यानि अब प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस हर महीने एक, नौ, 16 और 24 तारीख को मनाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सरकार के प्रयास निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में 2016 में शुरू किए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) का लगातार विस्तार किया जा रहा है। हर माह की नौ तारीख को ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाइयों पर पीएमएसएमए दिवस के आयोजन को विस्तार देते हुए जहां 2022 में हर माह की 24 तारीख को फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) स्तरीय चिकित्सा इकाइयों पर सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन शुरू किया गया, वहीं वर्ष-2022-23 के आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद प्रदेश सरकार ने इस अभियान को और विस्तार देने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब प्रत्येक महीने की एक, नौ, 16 और 24 तारीख को जिला चिकित्सालय, फर्स्ट रेफरल यूनिट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पीएमएसएमए दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को भी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन हुआ और गर्भवती की स्वास्थ्य जांच की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डा. राजीव निगम ने प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को भेजे गये पत्र के हवाले से बताया कि प्रदेश में 67 लाख गर्भवतियों में से मात्र 12.55 लाख गर्भवती ही दूसरे और तीसरे त्रैमास में प्रसव पूर्व जांच (एंटी नेटल केयर) की सुविधा प्राप्त कर सकीं। सरकार ने इस संख्या को अपर्याप्त मानते हुए पीएमएसएमए दिवस को और विस्तार देने का निर्णय लिया है। अब जिले की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर चार बार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन होगा और गर्भवती महिलाओं की जांच पर फोकस रहेगा। सोमवार को जिले में 1680 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। 16 तारीख को रविवार का अवकाश होने के कारण इसे सोमवार को मनाया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस केन्द्र सरकार की ओर से मातृत्व संबंधी स्वास्थ्य सुविधाओं को संचालित करने की एक राष्ट्रीय योजना है। इसके तहत स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी गर्भवती की जांच की जाती है। गर्भवती की प्रसव पूर्व दूसरी व तीसरी तिमाही की अवधि, हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस, वजन, ब्लड प्रेशर एवं अल्ट्रासाउंड जांच की जाती है। उच्च जोखिम गर्भावस्था के तहत पहचान कर उन्हें सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया जाता है।

# साइबर सिक्योरिटी विषय पर वर्कशाप में ली जानकारी

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्ट्डीज के सभागार में सनातन धर्म डिग्री कॉलेज के साथ हुए एमओयू के तहत साइबर सिक्योरिटी विषय पर वर्कशाप का आयोजन किया गया, जिसमें सनातन धर्म डिग्री कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने तीन दिवसीय वर्कशाप में उत्सुकतापूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि कम्प्यूटर विज्ञान में साइबर सिक्योरिटी एक प्रकार की इंटरनेट से जुड़े सिस्टम जैसे कम्प्यूटर, मोबाइल वाईफाई इत्यादि के लिए एक सुरक्षा होती है, जिसका मकसद डिवाइज, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और डाटा इन्फॉरमेशन जैसी महत्वपूर्ण चीजों को साइबर क्राइम से बचाना होता हैं ताकि सिस्टम और सिस्टम के ऑनर को किसी भी प्रकार के नुकसान का सामना न करना पड़े। बीसीए विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल ने समझाया कि किसी निजी जानकारी कम्प्यूटर से निकाल लेना या चोरी कर लेना भी साइबर अपराध है। वर्कशाप के कोर्डिनेटर प्रवक्ता राहुल शर्मा ने साइबर आतंकवाद की जानकारी दी। वर्कशाप में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राएं आरती, अमिष भारद्वाज, आरजु, अलिशा, नेहा, नीधि, पंकज, रजत गोस्वामी, पीयूष, सत्यम, शिखा शर्मा, सोनिया, सोनू, तनु, तमिषा, उमंग गोयल, वेदिका, वंशिका, सलोनी सिंह, रूपेश, रोहित कुमार व वासिम आदि ने अपना योगदान दिया। चॉदना दीक्षित, मोहित गोयल, रोबिन गर्ग, मौ. अन्जर, रोबिन मलिक, प्रियंका शर्मा, रितु, अवनी सिंघल, शशांक भारद्वाज, प्रशान्त गुप्ता, विनिता चौधरी, अमित, सतीश, उमेश मलिक एवं धीरज गिरधर व गौरव यादव आदि शिक्षक व स्टॉफ ने अपना सहयोग दिया।

# बच्चों ने नृत्य प्रस्तुति देकर किया मंत्रमुग्ध



**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** सेंट आर.सी. कॉवेंट स्कूल, शामली में आयोजनकर्ता शामली डिस्ट्रिक परफॉर्मिंग आर्ट एवं राधा माधव संगीत कला केंद्र द्वारा डांस, सिंगिंग और ड्राइंग की प्रतियोगिता अयोजित हुई। प्रतियोगिता डांस श्रेणी में खतौली स्थित नृत्य की स्तुति स्टूडियो के चार प्रतिभागी कु. निकिता गुप्ता, कु.अवनी धीमान, कु.अनुधि अहलावत एवं स्टूडियो संचालिका इंजीनियर स्तुति नागर स्वर्ण पदक के विजेता बने। निर्णायक मंडल में शामिल उरूज ने अवनी धीमान के एकल डांस की खूब सराहना की और सभी प्रतिभागी को आशीष दिया। कार्यक्रम में राधा माधव संगीत कला केंद्र की डायरेक्टर विनीता गोयल ने सभी प्रतिभागी को मेडल और सर्टिफिकेट्स देते हुए सम्मानित किया।

# ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** स्थानीय ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में सोमवार को अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का आगाज हुआ। मुंबई बंदरगाह पर फोर्टस्टीफन नामक जलयान में भीषण अग्निकांड होने पर आग बुझाते समय शहीद हुए 66 अग्निशमनकर्मियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया।



उनकी याद में प्रति वर्ष 14 अप्रैल अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता है। स्कूल के प्रबंधक विनोद संगल, उपाध्यक्ष महेश गर्ग, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, डायरेक्टर एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी उपस्थित रहे। हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने बताया कि अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के दौरान आग से बचाव को जागरूकता कार्यक्रम आगामी 20 अप्रैल तक चलाया जाएगा। अग्नि दुर्घटना वहीं घटती है, जहां लापरवाही बढ़ती है। इस संदेश से उन्होंने बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को जागरूक किया। मानव-जनित आपदा के प्रति केवल जागरुक होकर हम आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। विद्यालय के कर्मचारियों को विद्यालय में पहले से नियमानुसार स्थापित अग्निशमन उपकरणों की कार्यप्रणाली से अवगत कराकर डेमो दिया गया।

# एसडी कॉलेज ऑफ लॉ के शिक्षकों ने किया भाजपा प्रत्याशी मीनाक्षी स्वरूप का स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** आज सुबह ही नई मंडी स्थित गौरव स्वरूप के आवास पर एस.डी. कॉलेज ऑफ लॉ का परिवार भाजपा प्रत्याशी मीनाक्षी स्वरूप को बधाई देने पहुंचे और उनको बुके देकर शुभकामनाएं दी। मुख्य रूप से कॉलेज चेयरमैन अशोक सरीन, कॉलेज डायरेक्टर मंजू मल्होत्रा, प्रीति लोर, अनीता सिंह बीता गर्ग, पूनम रानी तथा अभिनव गोयल मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

**सम्पादक की क़लम से**

## विदेशी मीडिया में अतीक

भारत में हुई अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या पर पाकिस्तान सहित विदेशी मीडिया ने भी समाचार छापे हैं। यह हैरान करने वाली बात है कि भारत के अपराधियों की हत्या पर विदेशी मीडिया नजर रख रहा है। विदेशी मीडिया भारतीय अपराधियों में इतना रस क्यों ले रहा ? यह सवाल अतीक और उसके बेटे सहित साथियों की मौत पर उठने वाले सवाल से भी बड़ा है। विपक्ष के नेता जो सवाल उठा रहे हैं, वो तो समझ में आता है कि उनके राजनैतिक कारण हैं, लेकिन विदेशी मीडिया भारतीय गुण्डों में इतनी दिलचस्पी क्यों दिखा रहा है? भारत के बुद्धिजीवी इस सवाल पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस खबर पर एक रिपोर्ट की है। इस रिपोर्ट का शीर्षक है, 'किलिंग ऑन लाइव टीवी रिन्यूज अलार्म अबाउट इंडियाज स्लाइड टूवर्ड एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल वॉयलेंस'। ये रिपोर्ट लाइव टीवी पर हुई हत्या भारत के एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल हिंसा की ओर बढ़ने को लेकर चेतावनी देती है। इस रिपोर्ट में लिखा गया है, तीन अलग-अलग रेड में उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपराधी से राजनेता बने अतीक अहमद से जुड़े चार लोगों को गोली मारी, जिसमें अतीक अहमद के बेटे असद भी शामिल थे। एनकाउंटर जिसे आलोचक भारत में एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल हत्या भी कहते हैं, उसकी राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशंसा की। योगी आदित्यनाथ जो कि कट्टर हिंदू संन्यासी हैं और उन्हें आने वाले समय में देश के प्रधानमन्त्री पद का दावेदार भी माना जाता है। अखबार के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ की पार्टी बीजेपी और सरकार के वफादार न्यूज चैनलों ने भी इस 'एनकाउंटर' की प्रशंसा की थी, लेकिन साथ ही एक सवाल भी किया कि अतीक अहमद जो इस समय आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं और जिन पर 100 से अधिक आपराधिक मामले हैं, आखिर उन्हें क्यों सजा से बख़्शा जा रहा है? और ये शनिवार रात को हो गया। तीन हमलावरों ने अतीक अहमद को प्वाइंट ब्लांक से गोली मारी और लगातार फायरिंग करते रहे, जब तक दोनों जमीन पर नहीं गिर गए। इस हत्या को यूपी के दो मंत्रियों ने, भगवान का न्याय बताया।अखबार लिखता है कि इन सब में सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बात ये है कि राजनेता अपने राजनीतिक लाभ के लिए हिंसा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वो भी एक ऐसे देश में जो धार्मिक रूप से बेहद बँटा हुआ है। इस माहौल में छोटे-मोटे अपराधी तेजी से बढ़ते हिंदू चरमपंथी माहौल में हीरो बन जाते हैं। कतर के अल जजीरा ने भी इस हत्या के मामले को कवर किया है। अल जजीरा के एक ऑनलाइन लेख में कहा गया है, भारत के पूर्व सांसद और अपहरण के मामले में दोषी अतीक अहमद और उनके भाई को लाइव टीवी पर गोली मारी गई वो भी तब, जब वो पुलिस की कस्टडी में थे। इस वाकये के बाद उत्तर प्रदेश की शासन व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। यह सारी रिपोर्ट यह बताती हैं कि इन्हें प्रस्तुति करने वाले एक विशेष मानसिकता वाले लोग हैं जिनका दृष्टिकोण न्याय से अलग सिर्फ अपनी या अपनों की चिन्ता वाला रहता है, नहीं तो क्या कारण है कि वे अपने अखबारों में हिंदुस्तानी गुण्डों के लिए कालम लिखते। वे लिख रहे हैं कि सरकार के वफादार न्यूज चैनलों ने भी इस एनकाउंटर की प्रशंसा की थी। इस तरह की लेखनी यह साफ करती है कि लिखने वाले सरकार के विरोध में काम कर रहे हैं, उन्हें न उमेश पाल की हत्या का गम है न उस हत्याकांड में मरने वाले दो सिपाहियों का गम है, यानी वे सिर्फ अपने लोगों की चिन्ता कर रहे हैं, उन्हें इंसाफ की फिक्र नहीं है। ऐसी रिपोर्टिंग ही यह बताती है कि लिखने वाला दूषित मानसिकता रखता है। पाकिस्तान से निकलने वाला अखबार डॉन लिखता है, पत्रकार बन कर बंदूकधारियों ने पूर्व भारतीय सांसद अतीक अहमद और उनके भाई को लाइव टीवी पर गोली मारी। अतीक अहमद पर 100 से ज्यादा मामले थे और उन्हें जिन तीन हमलावरों ने मारा वो छोटे-मोटे अपराधी हैं। एक अन्य पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून इस मामले पर लिखता है, भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश में पूर्व सासंद जो अपहरण के एक मामले में दोषी थे और सजा काट रहे थे उन्हें और उनके भाई को पुलिस के सुरक्षा घेरे में घुस कर गोली मारी गई। 60 साल के अतीक अहमद की हत्या यूपी के प्रयागराज में हुई, जहां हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी बीजेपी की सरकार है। पाकिस्तानी अखबार हिंदुस्तानी गुण्डों में क्यों दिलचस्पी ले रहा है, यह उसने बता दिया है, उसने लिखा है "मारे गए ये दोनों शख़्स भारत के मुसलमान हैं। और दोनों भाई भारत की अपराध की दुनिया में बड़ा नाम थे"। जैसे कि वे कोई बहुत महान थे। वे मुसलमान थे, यह अखबार की चिन्ता है। अन्य किसी भारत में घटित हत्याकाण्ड पर तो कोई पाकिस्तानी अखबार नहीं लिखता, इस हत्या काण्ड पर पाकिस्तानी अखबार भी बेचैन हो रहे हैं, यह कमाल की बात है। इस हत्या काण्ड को लेकर अब खुलासे भी हो रहे हैं। कुछ अधिकारियों का मानना है कि ऐसे अपराधियों के आसपास मीडियाकर्मी नहीं आने देने चाहिएं थे। अधिकारियों ने 26/11 हमले के दोषी अजमल कसाब का उदाहरण देते हुए बताया कि जब मुंबई क्राइम ब्रांच कसाब को जेजे अस्पताल लेकर जाती थी, तो मीडिया को इसकी भनक भी नहीं लगती थी। ये संभव है कि हमलावर अतीक को अस्पताल ले जाए जाने पर नजर रख रहे हों, और वे घटना के दिन मीडियाकर्मी बनकर कैमरे, फर्जी माइक और फर्जी आईकार्ड के साथ पूरी तैयारी से आए हों। यूपी पुलिस के पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह ने कहा है कि पुलिस की पहली चूक ये है कि दोषियों को कभी भी मीडिया से मिलने नहीं देना चाहिए था। अस्पताल पर ये सुनिश्चित करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। अगर ये फर्जी रिपोर्टर फर्जी आईडी के साथ आए थे, तो उनकी पहचान करना पुलिस का काम था। अगर आप किसी को भी आने-जाने देंगे तो ऐसी घटनाएं होंगी, और जब कोई पुलिस कस्टडी में मरता है, तो इसका मतलब ये है कि पुलिस ने कानून-व्यवस्था भंग होने दी। पूर्व डीजीपी ने हमलावरों की तैयारी पर ध्यान खींचते हुए कहा, ये हमलावर गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं, लेकिन वे तुर्की में बने हथियार इस्तेमाल कर रहे थे। एक-एक पिस्टल की कीमत सात लाख रुपये तक है और एक कारतूस ढाई सौ रुपये का है, वे जिस तरह से गोली चला रहे थे, वो बताता है कि उन्होंने इसका काफी अभ्यास किया होगा।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

**"बेईमानी" "मन्त्री" "संविधान" "दांत"**

बेईमानी कायम थी पर, दो दो मन्त्री जेल गए,
घोटाले का भेद खुला तो संविधान की याद आयी।
पूछताछ से पहले के चित्रों में दाँत मुकम्मल था,
पूछताछ में दाँत गया तो संविधान की याद आयी।

# शाहपुर में प्रमेश सैनी, बच्ची सैनी, हाजी अकरम, इलियास ने भरे चेयरमैनी के पर्चे







**अध्यक्ष पद के लिए कुल 17 नामांकन हुए**





शाहपुर, 17 अप्रैल (बु.)। शाहपुर में चेयरमैनी के चार प्रमुख दावेदारों भाजपा प्रत्याशी प्रमेश सैनी, आम आदमी पार्टी के हाजी अकरम कुरैशी, सपा रालोद गठबंधन के हाजी इलियास कुरैशी एवं श्यामलाल बच्ची सैनी ने अपने नामांकन-पत्र दाखिल किए। नामांकन के आखिरी दिन तक कुल मिलाकर अध्यक्ष पद हेतु 17 पर्चे भरे गए कस्बे की नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के आखिरी दिन भाजपा, गठबंधन व आप प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। कस्बे की नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी प्रमेश सैनी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यान, मंडल अध्यक्ष एकांश त्यागी, मुकेश शर्मा व विकास अग्रवाल आदि मौजूद रहे। सपा, रालोद व आसपा गठबंधन के प्रत्याशी हाजी इलियास कुरैशी ने भी नामांकन के आखिरी दिन अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया । इस दौरान रालोद विधानमंडल दल के नेता व रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान व जिला पंचायत सदस्य गज्जू पठान आदि मौजूद रहे। वहीं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अध्यक्ष पद के सबसे प्रमुख प्रत्याशी हाजी अकरम कुरैशी कल्लू ने भी सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान तौहिद त्यागी, जुल्फिकार कुरैशी व जमशेद त्यागी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व चेयर पर्सन सुषमा सैनी व पूर्व सपा जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी के अलावा बाबू चतरसैन सैनी ने रविवार को अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया था। नामांकन के अंतिम दिन तहसील परिसर में पर्चे भरने वालों की भारी भीड़ रही। सदस्य पद के लिए भी दर्जनों ने ताल ठोकी। नामांकन दाखिल करने के बाद प्रत्याशियों ने शाहपुर में अपना जनसंपर्क तेज कर दिया है। पर्चा भरने के बाद शाहपुर में हाजी अकरम कुरैशी ने मुख्य बाजारों में भ्रमण किया और व्यापारियों से संपर्क कर वोट मांगे। पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी ने अपने आवास पर समर्थकों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की। निर्दलीय चुनाव लड़ रहे सपा के वरिष्ठ नेता बच्ची सैनी ने भी अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया। इसके अलावा क्षेत्रीय रालोद विधायक राजपाल बालियान हाजी इलियास कुरेशी के आवास पर बैठक कर अभियान का बिगुल फूंका।

## गठबंधन से बगावत कर सपा नेता की पत्नी ने भरा नामांकन



बुढ़ाना, 17 अप्रैल (बु.)। गठबंधन से टिकट ना मिलने पर सपा नेता नवाब इम्तियाज की पत्नी नौशाबा इम्तियाज ने सोमवार के दिन तहसील पहुंचकर निर्दलीय रुप से अध्यक्षा पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इनके साथ वार्ड नंबर 14 से सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे राशिद भूरु ने भी अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया। इस संबंध में सपा नेता नवाब इम्तियाज ने बताया कि हम हमेशा से गठबंधन के साथ रहे हैं। हर बार गठबंधन हमें बहकाता आ रहा था कि इस बार बुढ़ाना से आपको ही टिकट मिलेगा, लेकिन टिकट उनको दे दिया गया, जो समाजवादी पार्टी के खुले दुश्मन हैं। इसलिए अपने समर्थकों का प्यार देखकर ही उन्होंने अपनी पत्नी का अध्यक्षा पद के लिए नामांकन कराया है। इसलिए उनकी पत्नी गठबंधन उम्मीदवार के सामने चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन के काफी कार्यकर्ता आज भी उनके साथ हैं और वे मुझे ही समर्थन करेंगे। इसलिए उनका प्यार देखकर ही चुनाव लड़ने की इच्छा हुई है। उन्होंने गठबंधन के कुछ वरिष्ठ नेताओं को मुसलमानों का खुला दुश्मन बताया और कहा कि मुस्लिम समाज गठबंधन को वोट नहीं देगा। मुस्लिम समाज के लोगों की वोट उनको ही मिलेगी। नामांकन प्रक्रिया से पूर्व सैंकड़ों लोग नवाब इम्तियाज के घर पर एकत्रित हुए।

## सिरदर्द ठीक नहीं हुआ तो युवक ने खाया जहर




बुढ़ाना, 17 अप्रैल (बु.)। एक ग्रामीण ने सिर दर्द ठीक ना होने की दशा में घर में रखी कीटनाशक दवाई खाकर जान देने का प्रयास किया, लेकिन समय रहते चिकित्सकों ने समय पर उपचार कर युवक की जान बचा ली। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरथल निवासी 23 वर्षीय वेद पुत्र गिरवर (काल्पनिक नाम) को काफी दिन से सिर में दर्द था। वह दवाई खाने के बाद भी ठीक नहीं हो रहा था, तब आज गुस्से में आकर वेद ने अपने परिजनों से नजर बचाकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया, तब कुछ देर बाद वेद की हालत बिगड़ने पर परिजन उसको लेकर बुढ़ाना आए, जहां पर समय से उपचार मिलने के बाद चिकित्सकों ने उसको बचा लिया। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी दे दी गई है।

## भूपेंद्र सिंह बोले, प्रदेश में गुंडागर्दी को भाजपा ने किया खत्म

सहारनपुर, 17 अप्रैल(एजेंसी)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जनता की आवश्यकताएं और अपेक्षाएं केवल भाजपा सरकारें ही पूरी कर सकती हैं।

सोमवार को भाजपा महापौर प्रत्याशी डॉक्टर अजय सिंह की नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह सहारनपुर पहुंचे। उन्होंने अग्रवाल धर्मशाला में बैठक के दौरान कहा कि जनता की आवश्यकताएं और अपेक्षाएं केवल भाजपा पूरी कर सकती है और सरकार ने करके भी दिखाया है। जनसंघ के समय से चले आ रहे मुद्दों को पूरा किया और उनको आगे बढ़ाने का काम किया। भाजपा के संकल्प पत्र में जितने भी संकल्प थे, उत्तर प्रदेश की सरकार ने पिछले छह वर्ष में उनको पूरा करने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमने भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया। प्रदेश में गुंडागर्दी और अपराध चरम पर था, उसको खत्म करने का काम किया। देश और प्रदेश की सड़कों के लिए बेहतर काम हुआ। बिजली, स्वच्छ पानी सहित अनेक विकास कार्य हुए। उन्होंने कहा कि संघीय ढांचे में नगर निकायों की अपनी भूमिका है। उनके माध्यम से बहुत से काम होते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने स्वच्छता से जुड़े विषय पर बहुत अच्छा काम किया, लेकिन निकायों की अपनी भूमिका है। इस चुनाव में नगरों की सरकार चुनने के लिए मतदान करें। उन्हें पूरा विश्वास है कि जिस प्रकार पहले भी जनता ने भाजपा को स्नेह और सम्मान दिया, वह बरकरार रहेगा। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं को उनके तय आरक्षण से अधिक हिस्सेदारी दी है। प्रदेश अध्यक्ष के अलावा जिला प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्रमोहन, बसंत त्यागी, विधायक राजीव गुंबर, पूर्व सांसद राघवलखन पाल शर्मा, पूर्व महापौर संजीव वालिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व विधायक लाजकृष्ण गांधी ने भी विचार रखे। संचालन महामंत्री किशोर शर्मा ने किया।

## अरुण शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी को समर्थन दिया



मीरापुर, 17 अप्रैल (बु.)। पिछले काफी लम्बे समय से भाजपा के टिकट की दावेदारी कर रहे भाजपा नेता अरुण शर्मा ने भाजपा द्वारा घोषित किये गये प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी को समर्थकों के साथ समर्थन दे दिया। अरुण शर्मा के आवास पर भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया गया। नगर पंचायत मीरापुर से अध्यक्ष पद की मजबूत दावेदारी कर रहे भाजपा नेता अरुण शर्मा ने सोमवार को अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा द्वारा घोषित किये गये प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी को अपना समर्थन दे दिया तथा पार्टी के निर्णय को मानते हुए खुद चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया। इस दौरान सैंकड़ों समर्थकों ने अरुण शर्मा के आवास पर भाजपा प्रत्याशी नवीन सैनी को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी ने अरुण शर्मा व समर्थकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यरूप से अनिल नंदवानी, नीरज शारदा, सुनील कुमार, ब्रजपाल चैधरी, प्रवीण अग्रवाल, सुदेश रस्तौगी, नरेश कौशिक, अंकित वत्स, सहदेव शर्मा, वासु कौशिक, वासुदेव वत्स, मोनू ठाकुर, मोहित लखोटिया, अवधेश शर्मा, नितिन शर्मा, डॉ. प्रवीण कौशिक, सतीश गंगपुरी, मूलचन्द शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, इंदर सिंह कश्यप समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अतीक-अशरफ हत्याकांड में कॉन्ट्रैक्ट किलिंग का एंगल

प्रयागराज, 17 अप्रैल(एजेंसी)। माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या क्यों की गई? लवलेश, सनी और अरुण ने ही आखिर क्यों मारा? हर जुबान पर यही सवाल है। अब इस दोहरे हत्याकांड में सबसे बड़ा एंगल कॉन्ट्रैक्ट किलिंग का आ रहा है। यानी अतीक और अशरफ की हत्या सुपारी देकर करवाई गई है। इसके साथ ही एक बड़ा सवाल है कि आखिर मकसद क्या था...वर्चस्व, रसूख, आर्थिक साम्राज्य पर कब्जा, गैंग को नई पहचान या फिर कोई राज खुलने का डर। फिलहाल, इसके पीछे जिन गैंग के नाम आ रहे हैं- उनमें प्रयागराज का जैद गैंग, पश्चिमी यूपी का कुख्यात सुंदर भाटी गैंग और तीसरा कोई इंटरनेशनल माफिया है, लेकिन उसका नाम अभी सामने नहीं आया है। ये शक इसलिए है क्योंकि तीनों हमलावरों की अभी तक अतीक से कोई सीधी अदावत सामने नहीं आई है। पुलिस इस एंगल पर जांच कर रही है कि तीनों हमलावरों को किसी गैंग ने कॉन्ट्रैक्ट किलिंग तो नहीं दी? शुरूआती जांच में ऐसा पता भी चला है कि हिस्ट्रीशीटर सनी सिंह जब हमीरपुर जेल में बंद था तो उसी जेल में लवलेश तिवारी एक बार बंद हुआ था। वहीं पर दोनों की दोस्ती हुई। जमानत पर छूटने के बाद दोनों आपस में मिले थे। लवलेश और अरुण एक-दूसरे को पहले से जानते थे। इसके बाद लवलेश ने अरुण की मुलाकात सनी से करवाई। ये तीनों प्रयागराज और सोनभद्र भी आते-जाते रहते थे।

**खोया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा खरीदी गई सम्पत्ति 168/8, दक्षिणी कृष्णापुरी, मुजफ्फरनगर से सम्बन्धित पिछला बैनामा कहीं खो गया है, जो बही नं.1, जिल्द नं.4648 के पृष्ठ संख्या 359/388 में क्रमांक 4077 पर दिनांक 16/04/2012 को दर्ज हुआ, जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा, यदि किसी को मिले तो निम्न पते पर सूचित करें।

**सीमा गोयल**
पत्नी श्री मुकुल गोयल
निवासी : 168/8, दक्षिणी कृष्णापुरी, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर
मो. 9149203380

## काली माता मन्दिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन

पुरकाजी, 17 अप्रैल (बु.)। काली माता मन्दिर की पुनः प्राण प्रतिष्ठा के 14वें वार्षिक महोत्सव पर समाज सेवी रवि खुल्लर द्वारा मन्दिर प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में प्रातः हवन पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा आहुति डालकर माता काली से सुख समृद्धि की कामना की गयी। उसके उपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। भण्डारे के बाद भजन कीर्तन कर माता काली का गुणगान किया गया। कार्यक्रम में रवि खुल्लर, सुनैना खुल्लर, शिवम खुल्लर, उमेशपुरी, विपुल गोयल, अर्जुन गुप्ता, गोल्डी राठी, अनुज पुरी, वीरेन्द्र सिंह, रचित विज, बब्बर बेदी आदि का सहयोग रहा।

## कैराना अध्यक्ष पद पर 19 और कांधला अध्यक्ष पद पर 13 प्रत्याशियों ने जमा कराये नामांकन

कैराना, 17 अप्रैल (बु.)। पिछले 7 दिन से चली आ रही नामांकन पत्र खरीदने व जमा कराने की प्रक्रिया के बीच कैराना नगर पालिका अध्यक्ष पद पर कुल 19 व कांधला नगर पालिका अध्यक्ष पद पर कुल 13 नामांकन पत्र जमा कराये गये। कैराना तहसील पर 11 अप्रैल से कैराना व कांधला निकाय चुनाव के लिए अध्यक्ष व वार्ड सभासद पदों के नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ ही नामांकन पत्र जमा कराये गये। नामांकन जमा कराने के अंतिम दिन सोमवार को एसडीएम/रिटर्निंग ऑफिसर निकिता शर्मा ने बताया कि कैराना नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए कुल 25 नामांकन पत्रों की बिक्री की गई, जबकि 19 नामांकन पत्र जमा कराये गये। कांधला अध्यक्ष पद के लिए 35 नामांकन पत्रों की बिक्री की गई, जिसमें से 13 नामांकन जमा कराये गये। कैराना सभासद पदों के 289 नामांकन पत्रों की बिक्री तथा 230 नामांकन पत्र जमा कराये गये। कांधला सभासद पदों के लिए 136 नामांकन पत्रों की बिक्री व 108 नामांकन पत्र जमा कराये गये।



## शलभ गुप्ता एडवोकेट ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बुस.)। शलभ गुप्ता एडवोकेट ने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ प्रभारी मंत्री श्री सोमेंद्र तोमर जी,केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व सांसद भारतेंदु सिंह एवम अन्य वरिष्ठ नेताओं के समक्ष माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रीतियों नीतियों से प्रभावित होकर गांधी नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण की।

## टोपी लगाकर समाज को डराना गलत: वरुण गांधी

पीलीभीत, 17 अप्रैल(एजेंसी)। पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी ने कहा कि आज जिस तरीके से एक समाज को डराया जा रहा है, यह देश के लिए ठीक नहीं है। मैं डंके की चोट पर कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं किसी अपराधी की बात नहीं कर रहा। अतीक अहमद की बात नहीं कर रहा। आम इंसान की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारा देश तब मजबूत होगा। जब सबको समान अधिकार मिलेंगे। जब सबको नौकरी मिलेगी। पीलीभीत दौरे के दूसरे दिन रविवार को सांसद वरुण गांधी ने बरखेड़ा ब्लॉक के ग्राम दियोहना, पैनिया रामकिशन तथा ज्यूराह कल्यानपुर में जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह उन नेताओं की तरह नहीं है, जो चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं और बाद में मुड़कर नहीं देखते। मैं हिंदू हूं, लेकिन वोट के लिए टोपी लगाकर दूसरे धर्मस्थल पर जाऊं ऐसा नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरीके से एक समाज को डराया जा रहा है, वो भी गलत है। वरुण गांधी ने कहा कि उनकी राजनीति सच्चाई, ईमानदारी और देशभक्ति पर आधारित है। वह देश को खुशहाल और मजबूत बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जबकि ऐसे नेता भी मौजूद हैं, जिनकी कथनी और करनी में बहुत बड़ा फर्क है। भाजपा सांसद ने कहा कि किसान और नौजवान परेशान हैं। आवारा पशुओं की समस्या खत्म होने की जगह बढ़ गई है। आवास, पेंशन आदि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार व धांधली की शिकायतें लगातार मिल रहीं हैं। कहा कि देश की मजबूती के लिए सबको समान अधिकार मिलना जरूरी है, तभी घर-घर खुशहाली आएगी और सबके बच्चे फले फूलेंगे। महिलाओं की सुरक्षा होगी, लोग भेदभाव छोड़कर जाति-धर्म से ऊपर उठकर साथ मिलकर चलेंगे।

## सपा में इस्तीफे का दौर : अजय त्रिपाठी मुन्ना सहित कई जिलों में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

लखनऊ। लखनऊ में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लगातार चलने वाले अजय त्रिपाठी मुन्ना ने इस्तीफा दे दिया है । अजय त्रिपाठी मुन्ना प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव रहे आर प्रसपा का सपा में विलय होने के बाद वह सपा के साथ हो लिए थे। समाजवादी पार्टी में नगर निकाय चुनाव के टिकट वितरण के बाद इस्तीफे का दौर शुरू हो गया है । पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित जिला एवं महानगर पदाधिकारियों पर तमाम नेताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। लखनऊ सहित कई जिलों में धनबल के आरोप आरोप लगे हैं। इससे खिन्न होकर पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता इस्तीफा देने लगी है । लखनऊ में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लगातार चलने वाले अजय त्रिपाठी मुन्ना ने इस्तीफा दे दिया है । अजय त्रिपाठी मुन्ना प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव रहे आर प्रसपा का सपा में विलय होने के बाद वह सपा के साथ हो लिए थे। व्यापारियों पर गहरी पकड़ रखने वाले अजय त्रिपाठी मुन्ना महापौर का भी चुनाव लड़ने की तैयारी किए थे , लेकिन महिला सीट होने के बाद उन्होंने दावा छोड़ दिया था। अजय त्रिपाठी मुन्ना की ख्वाहिश थी कि उत्तर विधानसभा और कैंट में कम से कम 2 वार्ड में उनके लोगों को टिकट दिया जाए। वह ऐसे लोगों की पैरवी कर रहे थे जो निरंतर शिवपाल सिंह यादव के साथ लगे रहे। इसके लिए उन्होंने पैरवी भी की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इससे खिन्न होकर सोमवार को पार्टी के सभी दायित्वों से इस्तीफा दे दिया है। इसी तरह मैनपुरी में पूर्व चेयरमैन साधना गुप्ता ने इस्तीफा देकर निर्दल चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। रायबरेली में पूर्व चेयरमैन इलियास और मुजफ्फरनगर में पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉक्टर मोहम्मद खुर्रम सहित 128 लोगों ने इस्तीफा दिया है । दूसरी तरफ पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर की पत्नी और जिला पंचायत सदस्य विजयलक्ष्मी ने भी समाजवादी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है ।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि विभिन्न जिलों में लगातार इस्तीफे का दौर शुरू हो गया है। यह पार्टी के भविष्य की सियासत के लिए खतरनाक है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का समाजवादी पार्टी में विलय होने के बाद शिवपाल सिंह यादव को राष्ट्रीय महासचिव बना दिया गया। उनके समर्थकों में खुशी थी कि देर सवर उन्हें भी संगठन में जगह मिलेगी। यह भी उम्मीद थी कि नगर निकाय चुनाव सहित विभिन्न चुनाव में राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के साथ निरंतर रहने वाले लोगों की सुनवाई होगी। लेकिन इस चुनाव में शिवपाल समर्थकों को निराशा हाथ लगी है। यह है कि लंबे समय से शिवपाल सिंह यादव के साथ रहने वाले अजय त्रिपाठी मुन्ना ने इस्तीफा दे दिया है। जल्द ही कई अन्य नेता भी किनारा कसने की तैयारी में है। लखनऊ ही नहीं पूर्वांचल के कई जिलों के नेताओं ने भी निकाय चुनाव में शिवपाल सिंह यादव से पैरवी करवाई है। लेकिन सभी को निराशा हाथ लगी। ऐसी स्थिति में शिवपाल समर्थकों में अभी तक जो खुशी का माहौल था वह गम में तब्दील होता नजर आ रहा है।



## गठबंधन से उमा त्यागी व गुलफाम खान ने भरा नामांकन

बुढ़ाना, 17 अप्रैल (बु.)। गठबंधन की अध्यक्षा पद की उम्मीदवार उमा त्यागी ने सोमवार को अपने पति सुबोध त्यागी और जेठ प्रमोद त्यागी और उनके समर्थकों के साथ डीजे, ढोल, नगाड़ों की थाप पर जुलूस निकालकर अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया। देशभक्ति गीतों की धुनों पर गठबंधन प्रत्याशी समर्थकों ने डांस किया और हर्ष व्यक्त करते हुए उमा त्यागी और गुलफाम खान जिंदाबाद के नारे जमकर लगाए। इस दौरान वार्ड नंबर 10 से गठबंधन के सदस्य पद के उम्मीदवार गुलफाम खान ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान गुलफाम खान ने बताया कि अपार जन समूह के साथ गठबन्धन के सिंबल पर सभासद प्रत्याशी के रूप में उन्होंने डीसीडीएफ के पूर्व अध्यक्ष सुबोध त्यागी और पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, बालकिशोर त्यागी, रालोद नेता गज्जू पठान, मिर्जा तसलीम बेग, अहसान सैफी, कासिम खान, सलीम, समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

## जहरीले पदार्थ का सेवन किया, रैफर

मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला खादरवाला में दो पत्नियों के पति ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि खादरवाला निवासी युवक ने दो विवाह किये हैं। दोनों पत्नियों से उसे दो बच्चे हैं। उक्त युवक ने संदिग्ध हालातों में अपने घर के पास जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। दोनो पत्नियां उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाई, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिया गया।

## आप से नसरीन राही ने समर्थकों संग भरा पर्चा

बुढ़ाना, 17 अप्रैल (बु.)। गठबंधन छोड़कर आम आदमी पार्टी में आए तोसीफ राही की पत्नी नसरीन राही ने अपने हजारों समर्थकों के साथ ढोल-नगाड़ों ओर डीजे की धुन पर सोमवार के दिन तहसील परिसर में पहुंचकर अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया। इस दौरान नसरीन राही के मौहल्ला काजीवाड़ा स्थित आवास पर हजारों लोग एकत्रित हुए, जहां से एक जुलूस की शक्ल में ये लोग छोटे बाजार को निकलकर कस्साबान पुलिया को होते हुए रिंग रोड को निकलकर बुढ़ाना ब्लाक में डीजे ढ़ोल-नगाड़ों की थाप पर गर्मजोशी में नारेबाजी करते हुए पहुंचे, जहां पर नसरीन राही ने तहसील परिसर में पैदल पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान आप आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. देवेंद्र सिंह मलिक फुगानवी, रोबिन मलिक, अजफार गौरी, इरशाद सलमानी सहित अन्य हजारों लोग मौजूद रहे।

## बसपा से शीबा सिद्दीकी एडवोकेट ने भरा नामांकन

बुढ़ाना, 17 अप्रैल (बु.)। नगर पंचायत से बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय शहाबुद्दीन मुन्नन की पुत्रवधू शीबा सिद्दीकी पत्नी एहतेशाम सिद्दीकी ने सोमवार के दिन नामांकन किया। इस दौरान हजारों की तादाद में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने डीजे और ढोल बजाकर नगर बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी शीबा सिद्दीकी के पति एहतेशाम सिद्दीकी का फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया, जिसके बाद हजारों कार्यकर्ता एहतेशाम सिद्दीकी के साथ नामांकन करने के लिए पहुंच गए। 36 बिरादरी के सैकड़ों लोगों ने शीबा सिद्दीकी पत्नी एहतेशाम सिद्दीकी को अपना समर्थन देते हुए फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें चुनाव में जीत दिलाने की बात कही।

# भाजपा कार्यालय पर स्वरूप परिवार के नेता हुए शामिल

## जिलाध्यक्ष ने सौरभ-विकास स्वरूप को ग्रहण कराई सदस्यता

मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)। नगर निकाय चुनाव की बजी रणभेरी के बीच राजनीतिक गलियारों में अफरातफरी के साथ भगदड़ का माहौल भी देखने को मिल रहा है। बीते दिवस सपा के कद्दावर नेताओं में शुमार रहे शलभ गुप्ता एड., दीपक गोयल, विकल्प जैन समेत 128 सपा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ दी थी। इस बीच पार्टी नेतृत्व से नाराज चल रहे सपा चिकित्सा सभा के 2 दर्जन से अधिक सदस्यों ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया। इन कार्यकर्ताओं ने सपा छोड़ने का कारण चिकित्सा सभा से जुड़े तमाम कार्यकर्ताओं ने मुस्लिमों को लेकर पार्टी की स्पष्ट नीति का न होना बताया था। भाजपा कार्यालय पर पूर्व मंत्री चितरंजन स्वरूप के दोनों छोटे बेटे विकास स्वरूप, सौरभ स्वरूप के अलावा अन्य भाई-भतीजों को जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव की मौजूदगी में भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला द्वारा भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई।

सोमवार को मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद सीट से भाजपा की घोषित प्रत्याशी मीनाक्षी स्वरूप के समर्थन में एक बड़ा बदलाव मुजफ्फरनगर की राजनीति में हुआ है। सपा में मची इस भगदड़ के बीच सोमवार को स्वरूप परिवार एक मंच पर आ गया, जिससे राजनीतिक गलियारे में आने वाले दिनों में परिवर्तन की नई इबादत लिखी जाए तो अतिश्योक्ति न होगी। सोमवार को गांधीनगर भाजपा पार्टी कार्यालय पर जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरमैन सत्यपाल पाल की मौजूदगी में भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने गौरव स्वरूप के छोटे भाई विकास स्वरूप व सौरभ स्वरूप बंटी समेत पूरा परिवार एक मंच पर पार्टी के झंड़े के नीचे दिखाई दिया। पार्टी कार्यालय पर सोमवार को संपन्न हुए कार्यक्रम में स्वरूप परिवार से जुड़े स्व. चितरंजन स्वरूप के बड़े भाई विष्णु स्वरूप के पुत्र आशुतोष स्वरूप, शंकर स्वरूप बंसल, अजय स्वरूप, अभिषेक स्वरूप समेत परिवार के अन्य सदस्यों और समर्थकों ने भी भाजपा का दामन थामने के साथ निकाय चुनाव में मजबूती से चुनाव लड़वाने का आश्वासन दिया। पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुए स्वागत समारोह में इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन अनिल तायल, शरद बंटी, मनीष कपूर, आशुतोष स्वरूप, शंकर स्वरूप बंसल, अजय स्वरूप, शलभ गुप्ता एड, जनार्धन विश्वकर्मा, प्रवीण गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अनिल लोहिया समेत बड़ी संख्या में उद्यमी व परिवार से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।










भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेशाध्यक्ष व अन्य।

# छात्रा की बीच बाजार हत्या

**जालौन, 17 अप्रैल(एजेंसी)।** जिले के एट कस्बे में सोमवार को बाइक सवार दो युवकों ने बीच बाजार बीए की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। सुबह लगभग 11 बजे हुई इस घटना में युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। छात्रा की हत्या की सूचना मिलते ही कस्बे में सनसनी फैल गई। गोली मारने वाले बदमाश तमंचा वहीं पर फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने 315 बोर का तमंचा बरामद कर लिया है।
घटनास्थल पर एसपी डॉ. ईरज राजा मौके पर पहुंच गए हैं। कोटरा थाना क्षेत्र के ऐंधा गांव निवासी मानसिंह अहिरवार की 21 वर्षीय बेटी रोशनी एट के राम लखन महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। सोमवार सुबह घर से पेपर देने एट आई थी। 11 बजे पेपर छूटने के बाद वह अपने घर लौट रही थी, उसी समय बाइक सवार दो युवकों ने बीच बाजार उसको गोली मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एसपी डॉक्टर ईरज राजा मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। जानकारी मिलते ही भाई श्रीचंद, मां सुनीता भी मौके पर पहुंच गईं। सरे बाजार बड़ी घटना होने से कस्बे में गहमागहमी का माहौल है। गोली मारने वाले युवक कौन थे इसकी अभी जानकारी नहीं हो पाई है। गोली मारने के बाद युवक मौके से फरार हो गए। घटना के बाद कस्बे में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोगों ने पुलिस को गोलीकांड की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से पूछताछ की।


वार्ड-16 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करते केशव झाम्ब

## शेष : मीनाक्षी स्वरूप, लवली शर्मा, रोशन जहां....

सलोनी शर्मा व सीमा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नगर मजिस्ट्रेट कोर्ट में पहुंच नामांकन किया। सोमवार को अंतिम दिन कलेक्ट्रेट परिसर में देर सायं तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के साथ कागजातों को दुरूस्त करने के लिए नामांकन कक्षों में ड्यूटी पर लगे तमाम अधिकारी-कर्मचारियों के पसीने छूटे रहे। वहीं दूसरी ओर सदर तहसील में भी सोमवार को देर सायं तक नामांकन की प्रक्रिया जारी रही। सोमवार को अंतिम दिन नामांकन कराने को लेकर गहमा गहमी के बीच भाजपा के अजय वर्मा, बसपा के फसीउद्दीन के अलावा आफताब आलम, इस्लामुद्दीन, गौरव गौतम, नसीबा बेगम, पप्पी, बीना देवी, मीनाक्षी, वसीम अहमद, सतेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार व सुभाष चंद ने निर्दलीय के रूप में दावेदारी की। वहीं दूसरी ओर पुरकाजी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय जहीर अहमद फारूखी, आप से मेंहदी रजा, रालोद से बसारत खां, भाजपा से भारत भूषण खुल्लर, बसपा से तारिक मुस्तफा, कांग्रेस से कमरूज्जमां के




अलावा रहीस अहमद, तौसीफ अहमद, मौ. राशिद, जावेद, मुस्तकीम, परवेज आलम, लताफत खां, रोहित खुल्लर, मौ. मुनीर व मुनीर रजा ने निर्दलीय के रूप में नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी समर में ताल ठोक दी है।

### मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी

| क्र.सं. | प्रत्याशी का नाम | निवास | पार्टी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1- | गीता | कूकड़ा | निर्दलीय |
| 2- | छोटी | दक्षिणी खालपार | एआईएमआईएम |
| 3- | बबीता शर्मा | अंकित विहार | निर्दलीय |
| 4- | बिल्किस चौधरी | अम्बा विहार | कांग्रेस |
| 5- | मिनाक्षी स्वरूप | पटेल नगर, नई मण्डी | भारतीय जनता पार्टी |
| 6- | रेशमा | सरवट | निर्दलीय |
| 7- | रोशन जहां | सरवट | बहुजन समाज पार्टी |
| 8- | लवली शर्मा | घेर खत्ती, शिवपुरी | समाजवादी पार्टी |
| 9- | समा | ग्राम वहलना | निर्दलीय |
| 10- | सलोनी शर्मा | अंकित विहार | निर्दलीय |
| 11- | सीमा | इंदिरा कॉलोनी | निर्दलीय |

### पुरकाजी नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी

| क्र.सं. | प्रत्याशी का नाम | निवास | पार्टी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1- | जहीर अहमद फारूखी | मौ. जाटान | निर्दलीय |
| 2- | रहीस अहमद | खेड़ा दरवाजा | निर्दलीय |
| 3- | तौसीफ अहमद | मौ. जाटान | निर्दलीय |
| 4- | तारिक मुस्तफा | मौ. शेखजादगान | निर्दलीय |
| 5- | मेहंदी रजा | मौ. शेखजादगान | आम आदमी पार्टी |
| 6- | मौहम्मद राशिद | मौ. झोझगान | निर्दलीय |
| 7- | जावेद | मौ. कस्सावान | निर्दलीय |
| 8- | मुस्तकीम | मौ. हलवाईयान | निर्दलीय |
| 9- | परवेज आलम | मौ. झोझगान | निर्दलीय |
| 10- | लताफत खान | मौ. शहरगारान | निर्दलीय |
| 11- | रोहित खुल्लर | मौ. बाजार खुर्द | निर्दलीय |
| 12- | बसारत खान | मौ. शहरगारान | राष्ट्रीय लोकदल |
| 13- | भारत भूषण खुल्लर | मौ. बाजार खुर्द | भाजपा |
| 14- | तारिक मुस्तफा | मौ. शेखजादगान | बहुजन समाज पार्टी |
| 15- | कमरूज्जमा | मौ. शेखजादगान | कांग्रेस |
| 16- | मौ. मुनीर | मौ. शेखजादगान | निर्दलीय |
| 17- | मुनीर रजा | मौ. शेखजादगान | निर्दलीय |

### चरथावल नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी

| क्र.सं. | प्रत्याशी का नाम | निवास | पार्टी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1- | अजय वर्मा | महाब्रह्मणान | भाजपा |
| 2- | फसीउद्दीन | चरथावल | बहुजन समाज पार्टी |
| 3- | आफताब आलम | शेखजादगान | निर्दलीय |
| 4- | इस्लामुद्दीन | तगायान मुस्लिम द. | निर्दलीय |
| 5- | गौरव गौतम | कानूनगोयान पूर्वी | निर्दलीय |
| 6- | नसीबा बेगम | तागयान मुस्लिम द. | निर्दलीय |
| 7- | पप्पी | तीरगरान द. | निर्दलीय |
| 8- | वीना देवी | बाजार खुर्द | निर्दलीय |
| 9- | मीनाक्षी | शेखजादगान | निर्दलीय |
| 10- | वसीम अहमद | नूरबाफान | निर्दलीय |
| 11- | सतेन्द्र कुमार | बाजार खुर्द | निर्दलीय |
| 12- | सुधीर कुमार | शेखजादगान | निर्दलीय |
| 13- | सुभाष चंद | महाब्रह्मणान | निर्दलीय |

### अतीक और अशरफ की काली कमाई से करोड़पति बने लोगों पर शिकंजा

लखनऊ। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में हीरा खदान मालिक के साथ माफिया अतीक अहमद की अदावत चल रही थी। अतीक ने अपनी काली कमाई को हीरा कारोबारी के पास निवेश किया था जिसके हिसाब को लेकर कुछ माह पूर्व दोनों के बीच दुश्मनी हो गयी थी। अतीक और अशरफ की हत्या के बाद एसटीएफ के राडार पर हीरा खदान कारोबारी आ चुका है। इसके अलावा दिल्ली के शाहीनबाग इलाके में अतीक की बेनामी संपत्तियों के मालिक, कौशांबी में बन रही टाउनशिप में अशरफ की पार्टनरशिप से जुड़े तमाम पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। एसटीएफ अतीक और अशरफ के उन सभी करीबियों पर नजर बनाए हैं, जिनको माफिया भाईयों की मौत से फायदा पहुंचा है।

### दो पेपर मिलों में लगी आग

मुजफ्फरनगर। दमकल विभाग के सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपा रोड स्थित बिंदल पेपर मिल की वेगास में आज अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने के प्रयास किये, लेकिन आग तेजी से फैली। आग बुझाने के लिये मेरठ और देवबंद से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बराबर में ही स्थित तिरूपति बालाजी पेपर मिल में भी चिंगारियां पहुंचने से कबाड़ में आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने वहां भी आग पर काबू पाया।

# वार्डो में भी खिंची तलवार, बागियों की भरमार

**▸ भाजपा और गठबंधन दोनों को कई वार्डों में बगावत का सामाना ▸ पालिका के अनेक वार्डों में दोनों को नहीं मिले उम्मीदवार**

**मुजफ्फरनगर,** 17 अप्रैल (बु.)। नगर पालिका चुनाव में सभासद पद को लेकर भाजपा और सपा-रालोद गठबंधन दोनों में महासंग्राम के बीच जहां तमाम वार्डों में टिकटों के दावेदार रहे नेता टिकट ना मिलने पर निर्दलीय रूप से मुकाबले में आ गए हैं, वहीं स्थिति यह है कि तमाम उठापटक के बावजूद कई वार्ड ऐसे हैं जहां भाजपा और गठबंधन को प्रत्याशी तक नहीं मिल पाए। ऐसे में इन वार्डो में उन्हें निर्दलियों पर भरोसा करना होगा। पार्टी नेता जहां बागियों को चेतावनी दे रहे हैं, वहीं बागियों की स्थिति यह है कि वे टस से मस नहीं हो रहे हैं। ऐसे में यह भी हो सकता है कि नतीजों के बाद ऐसे बागियों को पार्टी फिर से अपना ले। एक अजीब स्थिति यह है कि दोनों ओर हाथ रखने वाले कुछ नेताओं ने अपनी मूल पार्टी छोड़ दूसरे स्थान से टिकट हासिल करने में कामयाबी पाकर पार्टियों के अधिकृत उम्मीदवारों के सामने ताल ठोंक दी है। वार्डों के टिकट में सपा और रालोद के बीच कोई तालमेल नजर नहीं आया। ऐसे में रालोद के कुछ नेता भी मैदान में आ गए हैं।

नगर पालिका चुनाव में टिकटों को लेकर शुरू हुआ घमासान थमा नहीं है। वार्डों में जहां मुख्य मुकाबले की पार्टियों भाजपा और सपा-रालोद गठबंधन को अनेक स्थानों पर टिकटार्थी तक मयस्सर नहीं हुए हैं, वहीं अनेक वार्ड ऐसे हैं जहां कई दावेदार होने के कारण बागी नेता दूसरी पार्टियों या फिर निर्दलीय रूप से मैदान में उतर चुके हैं। कांग्रेस और बसपा वार्डों की राजनीति से पूरी तरह अलग दिखाई दे रही है। भाजपा को तमाम कवायद के बावजूद 10 मुस्लिम बाहुल्य वार्डो में उम्मीदवार नहीं मिला। पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों ने आज नामांकन दाखिल किए उनमें वार्ड 1 से राजेश देवी, वार्ड 2 रीना रानी, वार्ड 3 से इंद्रपाल, वार्ड 4 से विनीत कुमार जाटव, वार्ड 5 से पार्वती सिद्धार्थ, 6 से ऋतु त्यागी, 7 से मौ सलीम, 8 से तनु कश्यप, 9 से राज किरण, 10 से मिहिका गुप्ता, 11 से प्रशांत चौधरी, 12 से श्रवण मोघा, 13 से अनुराग पाल, 14 से संगीता त्यागी, 15 से अंजना शर्मा, 16 से विवेक गर्ग, 17 से प्रशांत गौतम, 18 से ममता बालियान, 19 से योगेश मित्तल, 20 से हनीपाल, 21 से रजत धीमान, 22 से पूजा पाल, 23 से अमित पाल, 24 से सतीश कुकरेजा, 25 से राजीव शर्मा, 26 से देवेश कौशिक, 28 मोहित मलिक, 29 से भूपेंद्र प्रजापति, 31 से बॉबी सिंह, 32 से मोनिका पाल, 33 से लिजू जैन, 34 से पूनम वर्मा, 35 से अमित कुमार शर्मा, 36 से अचिंत मित्तल की पत्नी पारुल मित्तल, 37 से प्रेमी छाबड़ा, 38 से मीनू देवी, 39 रविकांत शर्मा, 40 से कुसुम लता पाल, 41 से हिमांशु कौशिक, 42 से अमित तोमर, 43 से शहाना अख्तर, 44 से नूर मौहम्मद, 46 से अफरोज, 47 से गोविंद सैनी, 49 से मनोज वर्मा के नाम शामिल हैं। ऐसे में कई स्थानों पर जहां उम्मीदवार नहीं मिले हैं, वहीं कई स्थानों पर टिकट कटने के बाद पार्टी के कार्यकर्ता निर्दलीय मैदान में आने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व सभासद अशोक वर्मा ने भाजपा से इस्तीफा देकर सपा से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। दूसरी ओर मुजफ्फरनगर पालिका में सपा-रालोद गठबंधन को 55 में से 34 वार्डों पर ही प्रत्याशी मिल पाए। इनमें वार्ड 1 से किरण देवी, 2 से बबली, 3 से अनीता, 4 से प्रवीण कुमार, 5 से एकता, 7 से ताहिर मिर्जा, 9 से रीना देवी, 10 से शिखा कौशिक, 11 से पुष्पेंद्र कुमार बालियान, वार्ड 12 से मोहम्मद उमर खान, 13 से मोहसिन मलिक और वार्ड 15 से सरिता को सपा प्रत्याशी बनाया गया है। वार्ड 16 से केशव झांब, 18 से सुनील बालियान, 19 से जितेंद्र कुमार, वार्ड 20 से दिलशाद अहमद, वार्ड 21 से ललित चौधरी, वार्ड 22 से चांदनी, वार्ड 23 से अंकित कुमार, 24 से राजा कश्यप वार्ड 32 से रामपाल सिंह पाल, 34 से शाहीन, वार्ड 35 से आशीष बालियान, वार्ड 37 से अमित अरोड़ा, वार्ड 38 से मरजुबाना, वार्ड 40 से दुर्गेश पाल, वार्ड 41 से राहुल शुक्ला, वार्ड 44 से हकीम इरशाद अंसारी, वार्ड 49 से शाहिद, वार्ड 51 से अब्दुल सत्तार, वार्ड 52 से वाजिद अली तथा वार्ड 53 से मोहम्मद अन्नु, वार्ड 54 से शहजाद चीकू और वार्ड 56 से काशिफा प्रवीण ने सपा प्रत्याशी के रूप में वार्ड सभासद के लिए नामांकन किया। वार्ड 23 आनंदपुरी गाजा वाली से पूर्व सभासद गौरव स्वरूप के नजदीकी जनार्दन विश्वकर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए। वार्ड 37 से अमित पटपटिया ने भी भाजपा के बागी रूप में परचा दाखिल कर दिया। भाजपा से टिकट मांग रहे केशव झांब समाजवादी पार्टी के टिकट पर मैदान में आ गए। इनके अलावा 39 से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में व्यापारी नेता सरदार बलविंदर सिंह ने अपने समर्थकों के साथ कचहरी परिसर में पहुंचकर नामांकन किया। गौरव स्वरूप के साथ भाजपा में शामिल विकल्प जैन की पत्नी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन कर चुकी हैं। इस वार्ड में पार्टी ने प्रियांशु जैन को टिकट दिया है। वार्ड 36 में भी पार्टी ने अचिंत मित्तल की पत्नी पारुल मित्तल के सामने पूर्व सभासद दीपक गोयल की पत्नी ने नामांकन किया है। कंवर पाल वर्मा, संजय सक्सेना, प्रियांक गुप्ता आदि के साथ भी यही स्थिति है। बगावत पर बोले नेता मुजफ्फरनगर। भाजपा के बागियों को लेकर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सब लोग अपने ही हैं, उनको समझा बुझा

### चार धाम यात्रा पर गलत हरकत पहुंचाएगी जेल

देहरादून, 17 अप्रैल (एजेंसी) चारधाम यात्रा में तीर्थ स्थलों पर मयार्दा भूले तो इस बार और भी सख्त कार्रवाई हो सकती है। जुर्माना भरने के साथ ही जेल भी जाना पड़ सकता है। ऑपरेशन मर्यादा के तहत पुलिस ने बड़ी तैयारियां की हैं। डीजीपी ने इसके तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# विस में बिखरा-नगर पालिका में एक हुआ स्वरूप परिवार

**▸ अब बंटी और बब्बल समेत स्वरूप परिवार हुआ भाजपाई ▸ द्वारकापुरी आवास पर लिखी गई भाजपा में आने की पटकथा**

**▸ स्व. चितरंज स्वरूप की राजनैतिक विरासत संभालने का जिम्मा अब गौरव स्वरूप पर**

**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** मुजफ्फरनगर में पार्टी से टिकट को लेकर शुरू नाराजगी के बीच बीते विधानसभा चुनाव में बिखरा स्वरूप परिवार नगर पालिका के चुनाव में एक मंच पर आ गया। नगर निकाय चुनाव में मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी की घोषणा से पूर्व ही राजनीतिक परिपेक्ष्य में मचे भूचाल के बीच सदर विधानसभा सीट से तीन बार विधायक और प्रदेश में मंत्री रहे स्व. चितरंजन स्वरूप परिवार में उस वक्त बड़ा बदलाव हो गया, जब राजनीतिक परिवार ने करीब 23 वर्षो के बाद समाजवादी पार्टी को गुड बॉय करने के साथ भगवा झंड़े को थाम लिया। नगरीय क्षेत्र से 2 बार सपा के टिकट पर सदर विधानसभा से चुनाव लड़े उनके बड़े बेटे गौरव स्वरूप के सियासी त्याग के कारण परिवार में बीते वर्ष आए बिखराव के बाद भगवा झंड़े के नीचे पूरा परिवार फिर से एक साथ खड़ा दिखा। नगर के द्वारिकापुरी स्थित आवास पर इन यादगार पलों के साक्षी केन्द्र व राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के रूप में राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान व कपिल देव अग्रवाल की उपस्थिति में वैश्य समाज के सम्मानित लोगों की उपस्थिति में विकास स्वरूप व सौरभ स्वरूप के साथ स्वरूप परिवार ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा करने के साथ निकाय चुनाव में हरसंभव मदद और जीत के परचम लहराने का भी आश्वासन दिया।
इससे अलग बीते कई दिनों से भाजपा हाईकमान की ओर से गौरव स्वरूप की पत्नी मिनाक्षी स्वरूप के टिकट होने की उम्मीद जगी, परिवार ने एक साथ बैठकर आपसी नाराजगी दूर करते हुए रविवार को फिर से एक मंच पर आ गया। सोमवार को इसी कड़ी में सवेरे केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान और राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल एकाएक चितरंजन स्वरूप के दोनों छोटे बेटों सौरभ स्वरूप बंटी और विकास स्वरूप बब्बल के मौ. द्वारिकापुरी स्थित आवास पर जा पहुंचे। वहां दोनों भाइयों के साथ शहर के प्रतिष्ठित



लोगों की उपस्थिति में दोनों मंत्रियों का दिल खोलकर स्वागत करते हुए परिवार के अन्य लोगों की मौजूदगी में चितरंजन स्वरूप के परिवार के मजबूती के साथ में भाजपा में आने की रूपरेखा तैयार हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन अनिल तायल, आकाश कुमार सचिव एसडी एसोसिएशन, भुवनेश गुप्ता डायरेक्टर सूयश पेपर मिल, अमित मित्तल, पारिजात पेपर मिल, पराग अग्रवाल रामकुमार सर्राफ, संजय जैन, राजीव जैन डायरेक्टर सर्वोत्तम रोलिंग मिल, शरद बंटी, मनीष कपूर, पूर्व विधायक विष्णु स्वरूप के बेटे आशुतोष स्वरूप आशु, शंकर स्वरूप बंसल, विकास स्वरूप, सौरभ स्वरूप, अजय स्वरूप अज्जू, शलभ गुप्ता एडवोकेट, जनार्धन विश्वकर्मा, प्रवीण गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अनिल लोहिया समेत बड़ी संख्या में उद्यमी व परिवार से जुड़े अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# गंगनहर पटरी पर लगे गर्म राख के ढेर, पर्यावरण को हो रहा भारी नुकसान

## गर्म राख में गिरकर एक युवक की हो चुकी है मौत, दो अन्य हो चुके हैं घायल



**भोपा, 17 अप्रैल (बु.)।** भोपा क्षेत्र में गंगनहर पटरी पर फैक्ट्री से निकली हुई गर्म राख व अन्य अपशिष्ट के ढेर लगे हुए हैं। गर्म राख से निकलती तेज गर्मी पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है। साथ ही दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

भोपा थाना क्षेत्र के नंगला बुजुर्ग क्षेत्र की नहर पटरी पर फैक्ट्री से निकलने वाली काली राख के ढेर बादस्तूर लगे हुए हैं। काली राख के ढेरों से तेज गर्मी निकल रही है। वहीं बीते वर्ष 9 जुलाई को इसी गर्म राख में गिरकर नंगला बुजुर्ग निवासी युवक मौ. नबी झुलस गया था, जिसकी 28 जुलाई को उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वहीं 26 जुलाई को गांव भिक्की निवासी युवक सैफ व उसका चाचा मोमीन भी इसी गर्म राख की मरिचिका में गिरकर झुलस गये थे। राख डालने वाले ठेकेदार व उसके पुत्रों के खिलाफ भोपा थाना पर सिंचाई विभाग द्वारा व भिक्की निवासी अहसान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था तथा मुख्य आरोपी इरफान उर्फ भूरा निवासी नंगला बुजुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गर्म राख के सैम्पल प्रदूषण विभाग द्वारा लिये गये थे तथा राख में कैमिकल होना बताया गया था, जबकि मौके पर खुदाई के दौरान कोई कैमिकल का भण्डार नहीं मिल सका था। येनकेन प्रकारेण के बाद प्रदूषण विभाग द्वारा राख को गंगनहर पटरी से उठवाकर उसके निस्तारण की बात बताई गयी थी, किन्तु कार्रवाई में खानापूर्ति कर मामले में इतिश्री का दिखावा मात्र किया गया। काली राख के ढेर आज भी गंगनहर पटरी पर लगे हुए हैं। तेज धूप में गर्म राख से निकलती गर्मी किसी लावे के समान है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही जंगली जानवरों के राख में धंसकर मरने की आशंका बनी हुई है। वहीं काली राख के गर्म ढेर में गिरकर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# गणमान्य लोगों ने दी पत्रकार रिंकल देव सिंहल को भावभीनी श्रद्धांजलि



**मुजफ्फरनगर, 17 अप्रैल (बु.)।** मुजफ्फरनगर बुलेटिन के चरथावल के पत्रकार रिंकल देव सिंहल को गणमान्य लोगों ने अंतिम श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कहा कि वे रिंकल देव सिंहल से भाई की तरह रिश्ता रखते थे और सदैव ही उनके सुख-दुख में काम आने का प्रयास किया। सभा में आये अन्य गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि रिंकल देव ने हमेशा बेहतर पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं में अपना विशेष स्थान बनाया हुआ था। मृदुभाषी रिंकल देव के सभी से अच्छे ताल्लुक थे। सभा में सभी ने विधिवत गायत्री मंत्रों के साथ एक स्वर में उनके आकस्मिक निधन पर ईश्वर से उन्हें अपने चरणों में स्थान देने की कामना की और पीछे परिवार को हिम्मत देने की भी कामना की। श्रद्धांजलि सभा में प्रभात सभा रजिस्टर्ड सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश सेन सिंगल, मंत्री आदेश कुमार गर्ग, महाराजा अग्रसेन कन्या महाविद्यालय अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश गर्ग, प्रबंधक विनोद कुमार सिंघल, डॉ. अनीता रानी, गांधी इंटर कॉलेज के अध्यक्ष नरेश कंसल, प्रबंधक नवीन कुमार, प्रधानाचार्य विजय वीर तोमर, गांधी बालिका इंटर कॉलेज के अध्यक्ष नीतू गर्ग, प्रबंधक विवेक कुच्छल, प्रधानाचार्य अनिता गौतम घनी, शिशु निकेतन अध्यक्ष राजेश गर्ग, प्रबंधक अध्यक्ष प्रधानाचार्य विनोद चैहान, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, अशोक कंसल पूर्व विधायक, गुड खांड सारी एसोसिएशन अध्यक्ष संजय मित्तल, महामंत्री श्याम सिंह सैनी, नगर पंचायत अध्यक्ष सतेंदर त्यागी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष महामंत्री संदीप कंसल, महादेव मंदिर समिति अध्यक्ष कुशल पाल त्यागी, प्रबंधक विवेक कुमार जैन, स्मारक ट्रस्ट अध्यक्ष सत्यप्रकाश मित्तल, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रबंधक पुरुषोत्तम सिंह, प्रदीप गोयल, कोषाध्यक्ष योगेंद्र मित्तल, एकेडमी अध्यक्ष देवेंद्र मित्तल, प्रबंधक अभिषेक बंसल, प्रधानाचार्य रचना जैन, व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनुज कुमार गर्ग, अमित कंसल, महामंत्री विनोद नामदेव, विश्व हिंदू परिषद महामंत्री पंकज कुमार, अध्यक्ष महेंद्र स्मारक सरस्वती शिशु मंदिर अध्यक्ष राकेश आचार्य, राजवीर सिंह, वैश्य समाज उत्तर प्रदेश जिला उपाध्यक्ष मनीष गर्ग, मनीष गर्ग वैश्य सभा मुजफ्फरनगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, अजय सिंघल, सेवा समिति सभापति भूषण त्यागी, योग परिवार से संस्थापक देवेंद्र त्यागी, अध्यक्ष सुरेश त्यागी, महामंत्री राजकुमार त्यागी, योग शिक्षक ठाकुर ओमबीर सिंह सहित परिवार के अध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह, अध्यक्ष विनोद सिंह, महामंत्री विपिन सिंगल, सिंगल प्रचारक श्रीराम सिंह, राज कुमार, अशोक कुमार, सरस्वती विद्या मंदिर अध्यक्ष अभय कुमार जैन, प्रबंधक और प्रधानाचार्य ओंकार सिंह, युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष सुनील दत्त सिंगल, नीरज गर्ग, श्रीराम सिंगल, सक्षम सिंगल, मुजफ्फरनगर से आने वाले नर-नारी, रिश्तेदार, शोकाकुल परिवार ने रिंकल देव कुमार सिंघल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और आत्मा को शांति प्रदान करने की अपील की।

### अतीक हत्याकांड में इस्तेमाल पिस्टल का मेरठ कनेक्शन

**मेरठ।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या करने वाले तीनों हमलावरों को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि जिस पिस्टल से अतीक और अशरफ पर गोलियां चलाईं थीं, वह पिस्टल मेरठ के सोढ़ी ने हमलावर सनी को रखने के लिए दी थी। पूछताछ में बताया गया कि हमलावर सनी ने वह पिस्टल सोढ़ी को वापस नहीं लौटाई थी, बल्कि उसी पिस्टल को अतीक और अशरफ की हत्या करने में इस्तेमाल किया। बताया गया कि अपराधी सोढ़ी कुछ समय पहले हमीरपुर जेल में बंद था। इसी बीच उसकी मुलाकात सनी से हुई। इसके बाद दोनों के बीच मुलाकात होने लगी। वहीं, सनी ने अपने साथी लवलेश तिवारी और अरुण मौर्य से संपर्क किया। इसके बाद सनी अपने दोनों साथियों के साथ मेरठ आया। इस दौरान सोढ़ी ने सनी को पिस्टल रखने के लिए दी। बस फिर क्या, इसी के बाद तीनों ने मिलकर प्लान तैयार किया और बड़ा डॉन बनने के लिए अतीक अहमद और अशरफ अहमद की हत्या कर डाली।

# दो पक्षों में मारपीट, दो महिला समेत 10 घायल



**मीरापुर, 17 अप्रैल (बु.)।** गेहूं का भूसा खरीदने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद संघर्ष हो गया, जिसमें दोनों पक्षों से दो महिला समेत 10 लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया। संभलहेड़ा निवासी सत्तार पुत्र मुन्फैद व इमरान पुत्र सुक्का पक्ष के बीच भूसा खरीदने को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गये और एक दूसरे पर हमला बोल दिया। हमले में इमरान पक्ष से सुक्का, इरशाद, इमरान, इसरार, फुरकान व महिला रेशमा व मुस्कान घायल हो गई, जबकि दूसरे पक्ष से सत्तार, आबिद, आसिफ, नुरू घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया तथा घायलों को उपचार के लिए जानसठ अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने इमरान की तहरीर पर नूर मौहम्मद, आरिफ, आबिद, इमरान, आसिफ, मुन्फैद, सत्तार, सोनू, तालिब, शाहनवाज, जिशान के खिलाफ तथा सत्तार की तहरीर पर सुक्का, इरशाद, इमरान, फुरकान, इसरार, इश्तेकार व साजिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं दूसरी तरफ गांव कैथोड़ा निवासी ताजीम पुत्र दिलशाद ने अपने गांव के ही तोशिफ, नन्हा, मोनिस व छोटा पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।